वाराणसी शुक्रवार
13 दिसम्बर 2024
वर्ष : 1 अंक : 32
मूल्य : 4.00 रुपए
पृष्ठ : 08
Title Code : UPHIN51376

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# उजाला संचार



ujalasanchar376@gmail.com

वाराणसी से प्रकाशित तथा लखनऊ, बरेली, कानपुर, प्रयागराज, चंदौली, सोनभद्र, मिर्जापुर बलिया, जौनपुर, गाजीपुर, मऊ, आजमगढ़, गोरखपुर, भदोही, देवरिया सहित यूपी, बिहार, दिल्ली से प्रसारित

# सुरक्षित महाकुम्भ: महिलाओं की सुरक्षा के लिए संगम पर बनाई जा रहीं 12 स्पेशल यूनिटें

## पीएम मोदी के आने से पहले सीएम योगी ने परखी महाकुम्भ की तैयारियां, 25 मीटर लंबी और 6 मीटर चौड़ी यूनिट में चेंजिंग रूम की भी होगी व्यवस्था

**महिला श्रद्धालुओं की सुविधा के लिहाज से रहेगा इस बार विशेष इंतजाम**

**खूबसूरत फ्लोटिंग जेटी पर श्रद्धालुओं को मिलेगा वीआईपी ट्रीटमेंट**

**संगम से पुरानी और जर्जर नाव हटाकर उनकी जगह फूलों से सजाई जा रही फ्लोटिंग जेटी**



**उजाला संचार**

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ को सनातन धर्म का सबसे बड़ा आयोजन बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले गुरुवार को खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुम्भनगर पहुंचे और सभी जरूरी तैयारियों का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद संगम पर श्रद्धालुओं को पूजा पाठ करवाने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। लोगों को विधिवत पूजा पाठ करने के लिए कहीं भटकना न पड़े, इसके लिए यहां पर ब्राह्मण, पुरोहित और पंडा मौजूद रहेंगे।

चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था

एसडीएम महाकुम्भनगर, अभिनव पाठक ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इस बार महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष इंतजाम किया जा रहा है। संगम स्नान के दौरान देश-विदेश से आने वाली महिलाओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

इसके लिहाज से संगम पर 12 स्पेशल यूनिटें बनाई जा रही हैं। इन यूनिटों की लंबाई 25 मीटर और 6 मीटर चौड़ाई होगी। इस यूनिट में चेंजिंग रूम की भी होगी व्यवस्था जिससे स्नान आदि के बाद किसी प्रकार की कोई समस्या न आने पाए।

इसके अलावा संगम से पुरानी और जर्जर नावें हटाई जा रही हैं। इनके स्थान पर फ्लोटिंग जेटी का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही उसे आकर्षक बनाने के लिए विशेष प्रकार के फूलों से सजाया जा रहा है।

## संगम नगरी में गंगा पूजन करेंगे पीएम मोदी, विश्व को देंगे महाकुंभ का निमंत्रण



**प्रयागराज।** 2025 में होने जा रहे महाकुंभ को भव्य बनाने की कवायद पूरी तेजी के साथ जारी है। महाकुंभ के लिए पर्यटन और यात्री सुविधाओं के साथ साथ इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। पीएम मोदी 13 दिसंबर को महाकुंभ तैयारियों की समीक्षा करेंगे। इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ सात दिसंबर को सभी तैयारियों का जायजा लिया। इसके मद्देनजर सभी महत्वपूर्ण सड़कों का तेजी से सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रयागराज की अपनी यात्रा के दौरान, वह 6,670 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री का यात्रा कार्यक्रम दोपहर करीब 12:15 बजे पवित्र संगम नोज की यात्रा के साथ शुरू होगा, जहां वह पूजा और दर्शन करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 12:40 बजे हनुमान मंदिर और सरस्वती कूप में दर्शन के साथ-साथ पूजा अनुष्ठान के लिए अक्षय वट वृक्ष का दौरा किया जाएगा।

## केंद्रीय कैबिनेट ने वन नेशन, वन इलेक्शन से जुड़े विधेयक को दी मंजूरी

### शीतकालीन सत्र में हो सकता है पेश



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने गुरुवार को 'वन नेशन, वन इलेक्शन' से जुड़े विधेयक को मंजूरी दे दी है। संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है, इसी सत्र में यह बिल संसद में पेश किया जा सकता है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय कैबिनेट ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर रामनाथ कोविंद समिति की रिपोर्ट को पहले ही मंजूरी दे दी है। यह बिल पूरे देश में एक चुनाव का मार्ग प्रशस्त करता है। सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार अब विधेयक (बिल) पर आम सहमति बनाना चाहती है। सरकार इसे विस्तृत चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति या जेपीसी के पास भेज सकती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस साल सितंबर में चरणबद्ध तरीके से लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने के लिए 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के कार्यान्वयन को मंजूरी दी थी।

सूत्रों के अनुसार, जेपीसी सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा करेगी। इस प्रक्रिया में अन्य स्टेकहोल्डर को भी शामिल किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, संवैधानिक विशेषज्ञों के साथ सभी राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों को इस चर्चा में शामिल किए जाने की उम्मीद है।

इस बिल पर आम लोगों की राय भी लेने की योजना है। विचार-विमर्श के दौरान बिल के प्रमुख पहलुओं, इसके फायदे और पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए जरूरी कार्यप्रणाली और चुनावी प्रबंधन पर बातचीत की जाएगी। इस मुद्दे पर विपक्षी दलों से बातचीत की जिम्मेदारी के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, अर्जुन राम मेघवाल और किरेन रिजिजू को नियुक्त किया गया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 'वन नेशन, वन इलेक्शन' को लागू करने के लिए कम से कम छह बिल लाने होंगे। केंद्र सरकार को संसद में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी। एनडीए को संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में साधारण बहुमत हासिल है। लेकिन, केंद्र सरकार के लिए सदन में दो तिहाई बहुमत हासिल करना चुनौती भरा हो सकता है।

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश: धार्मिक स्थलों पर नए मुकदमे नहीं दायर किए जाएंगे, न ही सर्वेक्षण का आदेश दिया जाएगा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को निर्देश दिया कि धार्मिक स्थलों या तीर्थस्थलों के संबंध में कोई नया मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सकता है या जिला अदालतों द्वारा सर्वेक्षण का आदेश तब तक नहीं दिया जा सकता है जब तक कि उपासना स्थल अधिनियम, 1991 की वैधता से संबंधित मामला उसके समक्ष लंबित है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा, ₹जब मामला इस अदालत के समक्ष विचाराधीन है तो क्या अन्य लोगों के लिए इस पर अपना हाथ नहीं डालना उचित नहीं होगा।₹ शीर्ष अदालत ने कहा कि हालांकि नए मुकदमे दायर किए जा सकते हैं लेकिन उन्हें पंजीकृत नहीं किया जाएगा और जिला अदालतों द्वारा कोई प्रभावी आदेश पारित नहीं किया जाएगा।

साथ ही शीर्ष अदालत ने 1991 के कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार को चार सप्ताह का और समय दिया। याचिकाओं के एक समूह पर विचार करते हुए अदालत ने यह भी कहा कि कानून के क्रियान्वयन की मांग करने वाली याचिका पर भी केंद्र द्वारा कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया है।

नवगठित पीठ ने नए मुकदमों पर विचार करने पर रोक लगाने के आदेश के विरोध को खारिज कर दिया। कानून की वैधता को चुनौती देने वालों की ओर से पेश वकीलों ने इस आदेश का विरोध किया था। पीठ ने कहा, ₹मुकदमे दायर किए जाने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा सकती। जब मामला इस अदालत के समक्ष विचाराधीन है तो क्या दूसरों के लिए इस पर रोक लगाना उचित नहीं होगा। जब तक हम मामले की जांच नहीं कर लेते, तब तक कोई प्रभावी आदेश या सर्वेक्षण आदेश पारित नहीं किया जा सकता।₹

उपासना स्थल अधिनियम, 1991 को पीवी नरसिम्हा राव सरकार ने राम मंदिर आंदोलन के चरम पर लागू किया था। इस कानून का उद्देश्य 15 अगस्त, 1947 को मौजूद धार्मिक स्थलों की स्थिति की रक्षा करना था। देश भर में मस्जिद और दरगाह सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर सर्वेक्षण करने के लिए लगभग 18 मुकदमे दायर किए गए हैं, जिसके बारे में मुस्लिम पक्षों ने दावा किया है कि यह कानून के प्रावधानों की अवहेलना है।

## आधुनिक सुविधाओं से लैस हो रहे आंगनबाड़ी केंद्र

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश की महिलाओं और बच्चों के समुचित विकास के साथ ही स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कई तरह की योजनाओं का संचालन कर रही है। इसके लिए प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों को और भी स्मार्ट और आधुनिक बनाया जा रहा है। इसके लिए योगी सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को किराए के भवनों से निकालकर खुद के भवनों में स्थापित करने का कार्य तेजी से कर रही है। बीते छह वर्षों में प्रदेश में अब तक 13 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण हो चुका है। जबकि, 8 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बच्चों और महिलाओं के विकास के प्रति प्रतिबद्धता ने आंगनबाड़ी केंद्रों को जनता के बीच एक नई पहचान दी है। महिला एवं बाल विकास विभाग और पंचायती राज विभाग के समन्वय से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र गुणवत्तापूर्ण भवनों में संचालित हों।

## जवानों ने 7 नक्सलियों को किया ढेर

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ जंगलों में चल रहे मुठभेड़ में बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षाबलों ने अब तक 7 नक्सलियों को मार गिराया है। जिनका शव बरामद कर लिया गया है। वहीं नक्सलियों और जवानों के बीच मुठभेड़ चल रही है। डीआरजी,एसटीएफ और सीआरपीएफ की नक्सलियों के साथ सुबह तीन बजे से मुठभेड़ जारी है। नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने मामले की पुष्टि की है। दरअसल, अबूझमाड़ के दक्षिण क्षेत्र में नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर और कोंडागांव जिले का ज्वांइट ऑपरेशन चला रहा है।

## हम किसी भी धर्म, जाति या समाज के लोग का विरोध नहीं करते- मगनभाई पटेल

**नई दिल्ली।** गुजरात के शैक्षिक,सामाजिक संगठनों के कार्यक्रम में गुजरात के अग्रिम उद्योगपति श्री मगनभाई पटेलने हिन्दू संस्कृति के ऊपर अपने बयान में कहा की हम कई उच्च गुणवत्तावाली किताबें लिखते हैं जो सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक जीवन के हर क्षेत्र में लोगों के लिए उपयोगी होती हैं लेकिन वे कहानियों के रूप में हमें लगती हैं। जबकि कई सेवा प्रकल्प संगठनात्मक स्तर या व्यक्तिगत स्तर पर तो किये जाते हैं लेकिन उन्हें पुस्तक रूप में नहीं रखा जा सकता।इस पुस्तक में उल्लिखित सभी सेवाकिय प्रकल्प देश एवं दुनिया के लोगों के लिए सेवा कार्य करने की प्रेरणारूप हो सकते हैं। अपने जीवनकाल में मैंने राजनीतिक,सामाजिक,स्वास्थ्य,शिक्षा,कृषि,रोजगारोन्मुखी जैसे अनेक क्षेत्रों मे परिणामोन्मुख कार्य किये हैं, इसके अलावा १९६७ से लेकर अब तक मैंने गरीब एवं विकर सेक्शन के लोगों के लिए अनेक विकासात्मक कार्य किये हैं। आदिवासि एव उद्योगों में काम करनेवाले श्रमिकों के परिवारों को मुख्यधारा में लाने का जो अवसर मिला है,उससे एक आत्मसंतोष है। आज भी ८३ साल की उम्र में मैं इस क्षेत्र को प्रतिदिन १० घंटे देता हूं और अपनी कमाई का अधिकांश हिस्सा इस क्षेत्र के अन्य लोगों को प्रेरित करने के लिए देता हूं।

## मैं अपना चेहरा छिपाने की कोशिश करता हूं... सड़क हादसों पर बोले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारत में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ी हैं और चीजों में सुधार के लिए मानव व्यवहार में बदलाव होना चाहिए। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि जब उन्होंने पहली बार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था तो उन्होंने दुर्घटनाओं को 50% तक कम करने का लक्ष्य रखा था। गडकरी ने कहा कि दुर्घटनाओं की संख्या कम करने के बारे में भूल जाइए, मुझे यह स्वीकार करने में कोई झिझक नहीं है कि इसमें वृद्धि हुई है। नितिन गडकरी ने आगे कहा कि जब मैं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने जाता हूं जहां सड़क दुर्घटनाओं पर चर्चा होती है, तो मैं अपना चेहरा छिपाने की कोशिश करता हूं। मंत्री, जो प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे, ने कहा कि चीजों में सुधार के लिए, भारत में मानव व्यवहार को बदलना होगा, समाज को बदलना होगा और कानून के शासन का सम्मान करना होगा।

**मौसम**



सूर्योदय : 6.54
सूर्यास्त : 5.23

## हम संविधान के सिपाही, न झुकेंगे, न दबेंगे, न रुकेंगे...

### सभापति जगदीप धनखड़ पर खड़गे ने फिर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** उच्च सदन में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक बार फिर से सभापति जगदीप धनखड़ पर निशाना साधा है। खड़गे ने कहा कि राज्यसभा में विपक्ष के बोलने का अधिकार और विचारों की अभिव्यक्ति का हनन आम बात हो गई है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि राज्यसभा के सभापति धनखड़ लगातार टीकाटोकी कर तथा सत्यापन की अनावश्यक जिद कर विपक्ष की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सदैव दबाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यसभा के सभापति सदन के बाहर विपक्ष के नेताओं की बार-बार आलोचना करते हैं, अक्सर सत्तारूढ़ दल की दलीलें दोहराते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि नेता प्रतिपक्ष समेत विपक्षी सदस्यों के भाषणों के महत्वपूर्ण अंशों को राज्यसभा के सभापति मनमाने एवं दुभार्वनापूर्ण तरीके से सदन की कार्यवाही से निकालने का नियमित रूप से निर्देश देते रहते हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने मूर्तियों को दूसरी जगह स्थापित करने, सुरक्षा तंत्र में बदलाव जैसे मामलों पर एकतरफा फैसले किये। खरगे ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ पर पद के दुरूपयोग का आरोप लगाया और कहा कि उनके आचरण से निष्पक्षता के बारे में गंभीर चिंता पैदा होती है।

अपने पोस्ट में खड़गे ने लिखा कि अध्यक्ष सदन में और सदन के बाहर भी सरकार की अनुचित चापलूसी करते दिखते हैं।




प्रधानमंत्री को महात्मा गांधी के बराबर बताना, या प्रधानमंत्री की जवाबदेही की माँग को ही गलत ठहराना, ये सब हम देखते आए हैं। अगर विपक्ष वॉकआउट करता है तो उसपर भी टिप्पणी करते हैं, जबकि वॉकआउट संसदीय परंपरा का ही हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा कि सभापति ने रूल 267 के तहत कभी भी किसी भी चर्चा की अनुमति नहीं दी है। विपक्षी सदस्यों को नोटिस पढ़ने की भी अनुमति नहीं देते हैं। जबकि पिछले तीन दिनों से सत्ता पक्ष के सदस्यों को नाम बुला बुला कर रूल 267 में नोटिस पर बुलवा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्यों को मंत्रियों के स्टेटमेंट पर अब सवाल नहीं पूछने देते हैं। राज्यसभा में स्टेटमेंट पर स्पष्टीकरण की परंपरा थी, वो भी बंद कर दी है। संसद में सदस्यों को अपनी बात कहने का पूरा अधिकार है। लेकिन सभापति महोदय विपक्ष को लगातार टोकते हैं, उन्हें अपनी बात पूरी करने का मौका नहीं देते हैं। विपक्ष से बिना वजह प्रमाणीकरण की मांग करते हैं, जबकि सत्ता पक्ष के सदस्यों को, मंत्रियों को और प्रधानमंत्री को कुछ भी कहने देते हैं। वो कोई भी झूठ सदन में कह दें, कोई भी फेक न्यूज फैला दें, उन्हें कभी नहीं रोकते। लेकिन विपक्ष के सदस्यों को मीडिया की रिपोर्ट को भी प्रमाणित करने को कहते हैं। और ऐसा न करने पर उन पर कार्यवाही करने की धमकी देते हैं।

खड़गे ने कहा कि जहाँ आज विपक्ष की आवाज का गला घोटना अब राज्य सभा में संसदीय प्रक्रिया का नियम बन गया है जहाँ संसद की मयार्दाओं तथा नैतिकता आधारित परंपराओं का हनन अब राज्य सभा में दिनचर्या बन गई है। जहाँ प्रजातंत्र को कुचलने तथा सत्य को पराजित करने की कोशिश लगातार व बदस्तूर जारी हैं। उन्होंने कहा कि हम संविधान के सिपाही तथा रक्षक के तौर पर हमारा निश्चय और ज्यादा दृढ़ हो जाता है। हम न झुकेंगे, न दबेंगे, न रुकेंगे और संविधान, संसदीय मयार्दाओं तथा प्रजातंत्र की रक्षा के लिए हर कुबार्नी के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड का गठन 13 दिसम्बर को होना हुआ सुनिश्चित

**उजाला संचार, अनिल कुमार अग्रहरि, डाला सोनभद्र।** स्थानीय चोपन विकास खण्ड चोपन के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटा में निहित सभी ग्राम सभाओं में निवास करने वाले मछुआ समाज के व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 13 दिसम्बर 2024 समय दोपहर 12:00 बजे से वैष्णो मंदिर के पास स्थित आवास पर बैठक रखी गई है जिसमें समिति के गठन पर विचार समिति के नाम पर विचार मुख्य प्रवर्तक के नाम पर विचार समिति के कार्य क्षेत्र पर विचार किया जाएगा आदि किया जाएगा एक मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड का गठन कराए जाने पर विचार किया जाना है ताकि इस न्याय पंचायत में निवास करने वाले मछुआ समुदाय के व्यक्तियों को स्थानीय स्तर पर मत्स्य एवं सरकार द्वारा निर्धारित अनकारियों के माध्यम से आच्छादित करते हुए लाभ पहुंचाया जा सके।


फाइल फोटो

### एसडीएम सदर गुलाब चंद्र ने धान खरीद केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**उजाला संचार, मिर्जापुर।** एसडीएम सदर गुलाब चंद्र ने गुरुवार को धान खरीद केंद्र का औचक निरीक्षण किया जिससे वहां भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी। मंडी स्थित सभी 6 धान खरीद केंद्र एवं ऋछक के एक धान खरीद केन्द्र की किया औचक छापेमारी मंडी केंद्र पर सिर्फ लालगंज के किसानों का विवरण मिलने से दिए जांच के आदेश पिछले पांच दिनों में जिन किसानों से खरीद हुई उसकी सूची एसडीएम ने की तलब रउ्ट सदर के सख्त निर्देश, व्यापारी से सीधे खरीद करने पर क्रय केंद्र प्रभारी पर दर्ज एफआईआर होगी।



### जिलाधिकारी के निर्देश पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान जारी

**उजाला संचार, मिर्जापुर।** डीएम के निर्देश पर रउ्ट सदर गुलाब चंद ने पुलिस और राज्स्व टीम के साथ शुरू कराया सीमांकन एसडीएम सदर की मौजूदगी में आयुक्त कार्यालय से बथुआ चौराहा तक शुरू हुआ सीमांकन का कार्य, अवैध अतिक्रमण कर्ताओ को रउ्ट सदर ने दी सख्त चेतावनी, खाली करे अवैध अतिक्रमण की जमीन अन्यथा की जाएगी कार्यवाही। नगर में अवैध अतिक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पिछले 03 दिनों से लगातार चलाया जा रहा है अभियान।



### बावली में गिरकर एक व्यक्ति की हुई मौत मचा हड़कंप

**उजाला संचार, चोपन/ सोनभद्र।** जुगैल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बरगवां के टोला देवनई में एक व्यक्ति की बावली में गिरने से मौत हो गई सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दियो प्राप्त जानकारी के मुताबिक धर्मेंद्र उम 32 वर्ष पुत्र रघुनाथ निवासी बरगवां टोला देवनई गुरुवार को घर से ही कुछ दूरी पर स्थित पानी भरे बावली में किसी तरह से गिर गया जिसके बाद डुबने से उसकी मौत हो गई कुछ देर बाद इस बात की जानकारी जब परिजनों को हुई तो मौके पर पहुंच कर किसी तरह पानी से उसको बाहर निकाला गया तब-तब उसकी हो चुकी थी उधर सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।



# एसबीए चुनावः कुल 31 प्रत्याशियों ने किया पर्चा दाखिल

## अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद पर तीन-तीन प्रत्याशी

***13 दिसंबर को पर्चा की जांच, पर्चा वापसी और वैध प्रत्याशियों की अंतिम सूची का होगा प्रकाशन**

***16 दिसंबर को मतदाता सूची का वितरण और 17 दिसंबर को टेंडर मतदान होगा**

***20 दिसंबर को मतदान और 21 दिसंबर को मतगणना होगी**

***प्रत्याशियों ने समर्थकों के साथ वकील मतदाताओं से किया संपर्क, चुनावी सरगर्मी हुई तेज**

**उजाला संचार**

**सोनभद्र।** सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के निर्वाचन सत्र 2024प्त25 के लिए हो रहे मतदान के लिए वृहस्पतिवार को अंतिम दिन तक कुल 31 लोगों ने पर्चा दाखिल किया। अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद पर तीन-तीन प्रत्याशी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी और कार्यकारिणी सदस्य 15 वर्ष से नीचे 7 प्रत्याशी हैं। इन्हीं पदों पर फिलहाल चुनाव होगा, क्योंकि शेष पदों पर लगभग निर्विरोध निर्वाचन होना तय है। 13 दिसंबर शुक्रवार को पर्चा की जांच, वापसी और वैध प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन होगा। 16 दिसंबर को मतदाता सूची का वितरण, 17 दिसंबर को टेंडर मतदान, 20 दिसंबर को मतदान और 21 दिसंबर को मतगणना होगी। प्रत्याशियों ने संपर्क कर वकील मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट देने का आग्रह किया। जिसकी वजह से चुनावी सरगर्मी तेज हो गई।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी शशि कुमार मिश्र ने बताया कि के कुल 33 लोगों ने पर्चा लिया था, लेकिन सिर्फ 31 लोगों ने ही पर्चा दाखिल किया है। क्योंकि उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के लिए पुष्पा तिग्गा और संयुक्त मंत्री प्रकाशन के लिए गीता गौर ने पर्चा दाखिल नहीं किया। इस प्रकार से अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी अरुण कुमार मिश्र, अशोक प्रसाद श्रीवास्तव व ओम प्रकाश पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए गोविंद प्रसाद मिश्र व शारदा प्रसाद मौर्या, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर प्रदीप देव पांडेय व संजय कुमार पांडेय,उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे अखिलेश कुमार मिश्र व आशुतोष कुमार दुबे, महामंत्री पद के लिए अखिलेश कुमार पांडेय, अरुण कुमार सिंघल व योगेश कुमार द्विवेदी, कोषाध्यक्ष पद के लिए आशीष कुमार मिश्र उर्फ मंटू, वंशीधर पांडेय व वीरेंद्र कुमार सिंह, संयुक्त मंत्री प्रशासन अजय प्रकाश मिश्र, संयुक्त मंत्री प्रकाशन शरद चंद्र गुप्ता, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय सूरज वर्मा ने पर्चा दाखिल किया है।

# मुठभेड़ में एक शातिर चोर गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर व 01 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस व चोरी के बेचे हुए सामान से प्राप्त 28,520 रूपया नकद बरामद**

**उजाला संचार**

**जौनपुर।** डॉ0 अजय पाल, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक(नगर) के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के पर्यवेक्षण मे प्र0नि0 थाना लाइन बाजार, श्री सतीश कुमार सिंह एवं प्र0नि0 थाना कोतवाली, श्री मिथिलेश कुमार मिश्रा की संयुक्त टीम द्वारा मु0अ0सं0- 523/24 धारा- 331(4)/305 बी0एन0एस0 थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर, बरामदगी 18,970 रु0 नकद सम्बन्धित मु0अ0सं0- 362/24 धारा- 331(4)/305 बी0एन0एस0 थाना जलालपुर जनपद जौनपुर से सम्बन्धित अभियुक्त राजकुमार बेनवंशी पुत्र चनिका निवासी बरही कला थाना फूलपुर जनपद वाराणसी उम्र लगभग 40 वर्ष को थाना लाइन बाजार जौनपुर से पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जीवन रक्षार्थ बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल सदर जौनपुर रवाना किया गया । इनके द्वारा जनपद जौनपुर के विभिन्न थानों में चोरी का अपराध कारित किया गया है । अभियुक्त के विरुद्ध समुचित धाराओ में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता अभियुक्त-**

1. राजकुमार बेनवंशी पुत्र चनिका निवासी बरही कला थाना फूलपुर जनपद वाराणसी उम्र लगभग 40 वर्ष।

# ग्राम प्रधान की दबंगई का शिकार हो रहा गरीब परिवार

**उजाला संचार**

**बिरनो।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भवरहा (भागमलपुर) गांव में एक गरीब परिवार को ग्राम प्रधान की कथित दबंगई का शिकार हो रहा है। रामजन्म राजभर, जो अपने स्वर्गीय पिता जग्गू राजभर की भूमि पर झोपड़ी बनाकर परिवार के साथ रहते हैं, अपनी संपत्ति को बचाने के लिए थाने और जिला अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं।रामजन्म का आरोप है कि ग्राम प्रधान अनिल राजभर जबरन उनकी झोपड़ी के पास से रास्ता निकालने के लिए दबाव बना रहे हैं। बीते 15 नवंबर 2023 को ग्राम प्रधान और उनके समर्थकों ने उनकी झोपड़ी और कच्चे मकान को तोड़ दिया। इस घटना पर विरोध करने पर उन्हें और उनकी बेटी को मारा-पीटा गया, जिसकी शिकायत न्यायालय में लंबित है।अब प्रधान ने कथित रूप से फिर से दबंगई दिखाते हुए खड़ंजा बिछाने के लिए ईंट गिरा दी है। रामजन्म ने जिला अधिकारी और उप जिलाधिकारी प्रखर उत्तम को इस संबंध में लिखित शिकायतें दी हैं, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।



पीड़ित ने बताया कि हाल ही में जब वे अपने घर के लिए बालू लेकर आए, तो ग्राम प्रधान और उनके साथियों ने ट्रैक्टर को रोक दिया, जिसके कारण बालू वापस दुकानदार के पास ले जाना पड़ा। पुलिस को सूचना देने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।बिरनो थानाध्यक्ष बिंद कुमार ने पीड़ित को बताया कि खड़ंजा निर्माण कार्य में रुकावट डालने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस रवैये से गरीब परिवार डरा और सहमा हुआ है तथा उन्होंने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

# विशेष लोक अदालत में 50 मुकदमा निस्तारित

**14 दिसम्बर को सोनभद्र जिला मुख्यालय पर समस्त न्यायालय, ग्राम न्यायालय घोरावल, वाह्य न्यायालय दुद्धी एवं ओबरा व सभी राजस्व न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 14.12.2024 को सुबह 10.00 बजे से किया जायेगा**

**उजाला संचार**

**सोनभद्र।** ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र के तत्वावधान में 11 दिसम्बर 2024 को वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त विशेष लोक अदालत में तुच्छ प्रकृति के अपराध मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनभद्र द्वारा 33 मामलें, सिविल जज, सी0डी0 सोनभद्र द्वारा 01 मामला, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सोनभद्र द्वारा 05 मामलें, सिविल जज, सी0डी0 (एफ0टी0सी0) सोनभद्र द्वारा 01 मामलें, सिविल जज जू0 डी0, सोनभद्र द्वारा मामले 02, न्यायिक मजिस्ट्रेट, सोनभद्र द्वारा 01 मामला न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय घोरावल, सोनभद्र द्वारा 02 मामले, एवं विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम व द्वितीय, सोनभद्र द्वारा क्रमशः 01 व 04 मामले का निस्तारण किया गया। इस प्रकार कुल-50 वाद निस्तारित किये गये। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में दीवानी न्यायालय परिसर जिला मुख्यालय पर स्थित समस्त न्यायालय, ग्राम न्यायालय घोरावल, वाह्य न्यायालय दुद्धी एवं ओबरा व सभी राजस्व न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 14.12.2024 को सुबह 10.00 बजे से किया जायेगा।



# खनन माफियाओं का काला खेलः सोनभद्र के बिल्ली मारकुण्डी में रात-दिन अवैध खनन से पहाड़ों का अस्तित्व संकट में

**उजाला संचार**


**सोनभद्र।** बिल्ली मारकुण्डी क्षेत्र में खनन माफियाओं और खनन अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध खनन का खेल खुलेआम चल रहा है। सरकारी राजस्व को करोड़ों का चूना लगाकर यहां दिन-रात खनन कार्य जारी है। इस अनियंत्रित खनन के कारण न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि पहाड़ों का अस्तित्व भी धीरे-धीरे मिटता जा रहा है।

खनन का यह खेल न केवल दिन के उजाले में बल्कि रात के अंधेरे में भी धड़ल्ले से चलता है। मशीनों की गड़गड़ाहट और ट्रकों के शोर से यह इलाका दिन-रात गूंजता रहता है। पत्थरों की खदानों में एक नहीं, बल्कि कई मशीनों का प्रयोग किया जा रहा है। ऊंचाई पर लगे आधुनिक उपकरणों से खनन कार्य किया जाता है, जिससे पहाड़ों के शीर्ष हिस्से खतरनाक रूप से टूटकर बिखर रहे हैं।










जानकारी के अनुसार, बिल्ली मारकुण्डी की पत्थर खदान में खनन का कार्य श्री महादेव इंटरप्राइजेज द्वारा किया जा रहा है, जिसके पार्टनर अरुण सिंह हैं। इस खदान का खनन पट्टा आराजी संख्या 7536 ग मि. पर है, जिसमें 4.900 हेक्टेयर का क्षेत्र शामिल है। खनिज के रूप में बोल्डर (डोलो स्टोन) निकाला जा रहा है। यह पट्टा 21 सितंबर 2022 से 20 सितंबर 2032 तक के लिए स्वीकृत है।

सीमांकित क्षेत्र की चौहद्दी में उत्तर दिशा में आराजी संख्या 7347 के पट्टाधारी संतोष कुमार और विजय बहादुर का क्षेत्र आता है। दक्षिण, पूरब और पश्चिम में इसी पट्टे के शेष भाग शामिल हैं।

खनन कार्य रात के समय बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, जिसमें अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप लग रहा है। क्षेत्रीय लोग आरोप लगाते हैं कि खनन विभाग के कुछ अधिकारियों ने खनन माफियाओं से हाथ मिला रखा है, जिसके कारण इस अवैध गतिविधि पर रोक नहीं लग पा रही है।

खनन माफियाओं की इन गतिविधियों से पहाड़ों का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। जंगलों और वन्यजीवों पर भी इसका गहरा असर पड़ रहा है। राजस्व का नुकसान तो हो ही रहा है, साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन पर भी संकट खड़ा हो गया है।

# मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज-05 के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं/ बालिकाओं को सोनभद्र पुलिस द्वारा किया गया जागरुक

***महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है**

**उजाला संचार, सोनभद्र।** महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व डीजिटल अरेस्ट व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों/ आरक्षियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/ बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद सोनभद्र में विभिन्न थानों पर नियुक्त महिला कांस्टेबल द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।

# आगामी महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत भीड़ प्रबन्धन एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित जन सुविधाओं की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने रेलवे मीरजापुर व विन्ध्याचल का किया निरीक्षण

**कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर भीड़ प्रबन्धन व सुरक्षा तथा विन्ध्याचल आने वाले यात्रियों के सुविधाओं के सम्बन्ध में बनाई गई रणनीति**

**उजाला संचार**

**मीरजापुर।** आगामी महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत विन्ध्याचल एवं मीरजापुर में आने वाले यात्रियों तथा कुम्भ मेला में भीड़ बढ़ने के उपरान्त जनपद मीरजापुर में भीड़ प्रबन्धन एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू ढंग से सम्पादित कराने के लिए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने ए0डी0आर0एम0 रेलवे प्रयागराज जोन व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ रेलवे स्टेशन विन्ध्याचल एवं रेलवे स्टेशन मीरजापुर पर भ्रमण कर कुम्भ मेला के दौरान आने वाले यात्रियों की जन सुविधाएं उपलब्ध कराने के दृष्टिगत निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन मीरजापुर व विन्ध्याचल पर ट्रेनो के ठहराव, ट्रेनो के समय सारणी, देर आने वाली ट्रेनी की स्थिति, आर0पी0एफ0 एवं जी0आर0पी0 के द्वारा अतिरिक्त फोर्स एवं ड्यूटी प्वाइंट की व्यवस्था के साथ ही रेलवे स्टेशन के बाहर आटो टैक्सी स्टैण्ड, पार्किंग, रैन बसेरा एवं प्लेटफार्मो व स्टेशन के बाहर पेयजल, शौचालय, फायर बिग्रेड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश स्टेशन अधीक्षक एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर को दिया। उन्होंने कहा कि ट्रेनो के आने पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम की पर्याप्त व्यवस्था हो इसके अतिरिक्त बुकिंग काउंटर अलग-अलग स्थलों पर बनाए जाए। प्लेटफार्मो पर यात्रियों के एक से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने हेतु सम्पार फुटवेज की व्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रयास यह रखा जाए कि अप व डाउन ट्रेन जिस रूट पर आ रहे है उसी पर रखा जाए अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर ट्रेन आने वाले प्लेटफार्म अन्यत्र न बदला जाए। उन्होंने कहा कि समस्त ड्यूटी व ड्यूटी प्वाइंट पर लगे अधिकारियों के नम्बर भी पुलिस अधीक्षक व जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया जाए। स्टेशन पर आने जाने वाले मार्गो का सुन्दरीकरण, साइनेज बोर्ड, पर्याप्त मात्रा सी0सी0टी0वी0 कैमरा भी लगाया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि यदि प्रयागराज में भीड़ बढ़ती है तो मीरजापुर व विन्ध्याचल में ट्रेनो का ठहराव कर यात्रियों को अग्रिम सूचना तक रोका जा सकता है अतएव सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करा ली जाए।



जी0आर0पी0 के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम भी कंट्रोल के लिए लगाई जाएगी। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर गोवा लाल, स्टेशन अधीक्षक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

**कुम्भ के दौरान विन्ध्याचल में श्रद्धालुओं के लिए रहेगी पर्याप्त व्यवस्था**

आगामी कुम्भ मेला-2025 को देखते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने विन्ध्याचल में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा दर्शन व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न प्रमुख विभागो के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों के रणनीति पर विचार विर्मश कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कुम्भ मेला प्रयागराज-2025 में 40 करोड़ श्रद्धालुओ की आने की सम्भावना की जा रही है जिसमें से लगभग 12 प्रतिशत श्रद्धालु मीरजापुर विन्ध्याचल होकर कुम्भ मेला जाने का अनुमान है। मीरजापुर विन्ध्याचल होते हुए कुम्भ मेला जाने वाले श्रद्धालु विन्ध्याचल में भी दर्शन पूजन व स्नान के लिए रूकते है जिनकी जन सुविधाओं की तैयारियों के सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित अधिकारी नवरात्र मेला की भांति विन्ध्याचल में तैयारियां सुनिश्चित करे। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर को निर्देशित करते हुए कहा कि विन्ध्याचल के प्रमुख स्थलों, स्थायी व अस्थायी रैन बसेरो के पास पर्याप्त मात्रा में पेयजल आपूर्ति, शौचालय की व्यवस्था, रैन बसेरो में यात्रियों की रूकने व ठंड से बचाव की व्यवस्था, अलाव की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे, इसके अतिरिक्त जिला पंचायत परिषद व नगर पालिका के द्वारा घाटो पर पर्याप्त बैरीकेटिंग, सुरक्षा व्यवस्था, लाइटिंग, अस्थायी शौचालय सुनिश्चित करायेंगे।

उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक व नगर मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि रेलवे स्टेशन, रोडवेज तथा प्रमुख मार्गो व घाटो पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल की तैनाती, घाटो पर बैरीकेटिंग तथा मन्दिर में श्रद्धालु सुगम तरीके से दर्शन कर सके व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। जिला पंचायत राज अधिकारी को नगरीय क्षेत्र के बाहर ग्रामीण क्षेत्रो में नवरात्र मेला की तरह मेला क्षेत्र के परिधि में पर्याप्त साफ सफाई व्यवस्था तथा लाइटिंग व्यवस्था विन्ध्य विकास परिषद व जिला पंचायत परिषद से समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित कराया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी कुम्भ मेला के दौरान विन्ध्याचल में प्रमुख स्थलों पर कम से कम 06 से 08 एम्बुलेंस, रेलवे स्टेशन, रोडवेज व मन्दिर के आस पास मेडिकल टीम तथा पर्याप्त मात्रा में जन औषधि की व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। लोक निर्माण विभाग सहित जिन विभाग की सड़क मीरजापुर व विन्ध्याचल क्षेत्र में खराब हो उसकी मरम्मत सुनिश्चित कराने के साथ ही विद्युत विभाग के द्वारा अनवरत विद्युत आपूर्ति एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

संक्षिप्त समाचार

## ग्राम पंचायतों में बनेंगे 60 बारातघर

**उजाला संचार, वाराणसी।** ग्राम पंचायतों में 60 बारातघर बनाए जाएंगे। इनमें शादी-विवाह समेत अन्य मांगलिक आयोजन ग्रामीण कर सकेंगे। पीडब्ल्यूडी के निर्माण खंड को 15, प्रांतीय खंड को 5, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा (आरईडी) को 12, यूपी सिडको को 26 तथा वीडीए को दो बारातघरों के निर्माण की जिम्मेदारी दी गई है।

इसके लिए ग्राम पंचायतें जमीन उपलब्ध कराएंगी और इनका रखरखाव भी करेंगी। 20 बारात घरों के निर्माण में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल), 15 को पावरग्रिड कॉर्पोरेशन और 25 को रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरईसीएल) वित्तीय मदद देगा। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का कहना है कि बारात घर निर्माण के लिए टेंडरिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

## सारनाथ थाना क्षेत्र के कृष्णानगर कॉलोनी में महिला ने किया आत्महत्या

**उजाला संचार, वाराणसी।** फांसी के फंदे पर लटककर महिला ने दी जान, चंदौली के मुगलसराय की निवासी थी मृतक रागिनी जायसवाल , कृष्णा नगर कॉलोनी में अपने ससुराल में रागिनी ने फांसी लगाकर दी जान। बिना किसी को जानकारी दिए सुसराल वाले रागिनी का अंतिम संस्कार करने ले जा रहे थे, किसी ने इसका सूचना सारनाथ थाने पर दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी सारनाथ ने शव को कब्जे लिया, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम किए भेज दिया है, मृतका के परिजनों का आरोप है दहेज के लिए बेटी को किया जाता था प्रताड़ित, ससुराल वालों पर रागिनी की हत्या करने का परिजनों ने लगाया आरोप, 2019 में हुई थी सुशांत जायसवाल से रागिनी की शादी।

## काव्य गोष्ठी संपन्न

**उजाला संचार, वाराणसी।** संस्थान बरेका के तत्वाधान में काशी काव्य संगम के सहयोग से काव्य गोष्ठी का आयोजन संस्थान बरेका के हाल में किया गया। काव्य गोष्ठी के मुख्य अतिथि श्री परमहंस तिवारी परम शुक्ला, वरिष्ठ साहित्यकार रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं गजलकार शमीम गाजीपुरी जी ने की ।कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के फोटो पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर निम्न वरिष्ठ साहित्यकारों ने अपनी रचना का पाठ किया :-सर्वश्री आलोक सिंह बेताब ,अखलाक भारतीय, परमहंस तिवारी परम, अभिषेक सिंह, ओमप्रकाश चंचल, प्रताप शंकर दूबे, शमीम गाजीपुरी, आशिक बनारसी, टीकाराम शर्मा, मुनि जी तिवारी तथा कवित्रियों में श्रीमती डॉक्टर नसीमा निशा ,झरना मुखर्जी, डॉक्टर वत्सला, करुणा सिंह, मधुलिका राय, माधुरी मिश्रा, साधना शाही, सुनीता जौहरी, मनीबेन द्विवेदी इत्यादि ने । इन लोगों ने अपनी रचना से ऐसा समां बांधा कि सभी लोग काव्य रस से सराबोर हो गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत श्री आलोक कुमार सिंह, सचिव, संस्थान ने तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन मधुलिका राय ने किया ।पूरे कार्यक्रम का संचालन श्री टीकाराम शर्मा ने किया। कार्यक्रम के संयोजक श्रीमती नसीमा निशा जी रही।






# बनारस रेल इंजन कारखाना में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह 2024 का शुभारंभ

## ऊर्जा जागरूकता रैली के माध्यम से दिया ऊर्जा संरक्षण का संदेश

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में विद्युत विभाग के तत्वावधान में 07 से 14 दिसंबर 2024 तक ऊर्जा संरक्षण सप्ताह 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष सप्ताह का उद्देश्य कर्मचारियों, अधिकारियों और आम जनमानस को ऊर्जा संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करना है।

आज दिनांक 07 दिसंबर को सप्ताह के शुभारंभ के अवसर पर ऊर्जा संरक्षण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को बरेका प्रशासन भवन से महाप्रबंधक श्री नरेश पाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली बरेका परिसर के प्रमुख स्थलों से होकर गुजरी, जिसमें बरेका प्रेक्षागृह, कुंदन, केंद्रीय चिकित्सालय, और बरेका स्काडा स्टेशन शामिल हैं। रैली का समापन स्काडा स्टेशन पर हुआ।

रैली में बरेका के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। जिनमें मुख्य रूप से प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री एस.के. श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री सुब्रतो नाथ, मुख्य अभिकल्प इंजीनियर/विद्युत श्री एम.के गुप्ता, मुख्य विद्युत सर्विस इंजीनियर श्री भारद्वाज चौधरी, मुख्य अभिकल्प इंजीनियर/प्रोजेक्ट श्री अनुराग गुप्ता, मुख्य विद्युत लोको इंजीनियर श्री मनोज कुमार सिंह, मुख्य विद्युत इंस्पेक्शन इंजीनियर श्री अरुण शर्मा, उप महाप्रबंधक श्री अनुज कटियार, मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री सुनील कुमार, उप मुख्य विद्युत इंजीनियर अनुरक्षण श्री नीरज सिंह, उप मुख्य अभिकल्प इंजीनियर विद्युत श्री संतोष कुमार सिंह, उप मुख्य इंजीनियर श्री साकेत, उप मुख्य वित्त सलाहकार श्री अनुज कुमार, मंडल विद्युत इंजीनियर श्री रोहित तिवारी, सहायक विद्युत इंजीनियर श्री गुलाम सरवर सहायक वित्त सलाहकार श्री अंकित प्रधान के अतिरिक्ति काफी संख्या में बरेका कर्मचारी उपस्थित थे।

रैली के दौरान, प्रतिभागियों ने ऊर्जा संरक्षण से संबंधित स्लोगन लिखित तख्तियां उठाए रखीं और पूरे परिसर में नारे लगाकर ऊर्जा बचत का संदेश फैलाया। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री नरेश पाल सिंह ने कहा, ह्लऊर्जा बचत न केवल आर्थिक लाभ का साधन है, बल्कि यह पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हमें व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से ऊर्जा संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए।

### बरेका की ऊर्जा संरक्षण उपलब्धियां

बरेका ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। उल्लेलखनीय है कि बरेका ने रेलवे वर्कशॉप सेक्टर में ऊर्जा संरक्षण हेतु वर्ष 2022 में सर्वोच्च? स्थान प्राप्त किया था, जिसके लिए उत्तेर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सम्मानित किया गया था।

बरेका ने सोलर पैनल की स्थापना कर अपने प्रशासनिक भवन और कार्यशाला क्षेत्र में सौर ऊर्जा का बड़े पैमाने पर उपयोग किया है ।बरेका ऊर्जा संरक्षण हेतु बहुत ही सजग एवं निरंतर प्रयासरत है, कि कैसे ऊर्जा का संरक्षण करते हुए देश कि प्रगति मे अपना योगदान दे सकते है।

### सोलर ऊर्जा में बरेका की अग्रणी भूमिका

बरेका ने 3.859 टहस्र क्षमता के सोलर पावर प्लांट स्थापित किए हैं, जिससे वित्त वर्ष 2022-23 में कुल ऊर्जा खपत में 23.25% की हिस्सेदारी सोलर ऊर्जा की रही। यह पहल न केवल ऊर्जा खपत को कम करती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है।

### आगामी आयोजन

ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत बरेका में आने वाले दिनों में जागरूकता कार्यशालाएं, पोस्टर प्रतियोगिताएं, निबंध लेखन, और ऊर्जा बचत उपायों पर परिचर्चा जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस जागरूकता अभियान से बरेका के अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिजन ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता को समझते हुए इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।

# मानचित्र स्वीकृत व मानचित्र शुक्ल जमा करने के सम्बन्ध में वीडीए ने की बैठक

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष महोदय के निदेर्शानुसार आज दिनांक 11.12.2024 को सचिव वेद प्रकाश मिश्रा के अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में शमन मानचित्र स्वीकृत व मानचित्र शुक्ल जमा के सम्बन्ध में बैठक की गयी।

जोनवार माह नवम्बर में जमा शमन शुल्क व मानचित्र स्वीकृत का विवरण निम्न है -

जोन-1 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 42 लाख 25 हजार 780 तथा कुल 19 मानचित्र स्वीकृत किये गये। जोन-2 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 89 लाख 24 हजार 450 रुपए तथा कुल 25 मानचित्र स्वीकृत किये गये। जोन- 3 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 85 लाख 65 हजार 692 रुपए तथा कुल 31 मानचित्र स्वीकृत किये गये। जोन- 4 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 44 लाख 02 हजार 516 रुपए तथा कुल 11



मानचित्र स्वीकृत किये गये। जोन-5 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 24 लाख 93 हजार 531 रुपए तथा कुल 07 मानचित्र स्वीकृत किये गये।

उक्त विवरण के अनुसार जोन-3 द्वारा सर्वाधिक मानचित्र जमा कराने एव जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति, जोन-2 द्वारा सर्वाधिक शुल्क जमा कराये जाने पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार,अवर अभियंता वर्तिका दूबे एवं सर्वाधिक निर्गत मानचित्र में जोन-4 के जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी, अवर अभियंता राकेश सिंह को सचिव महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया व उनके कार्य की सराहना भी की गयी।

सचिव महोदय द्वारा निर्देश दिया गया है कि जोनल व जेई ज्यादा से ज्यादा मानचित्र स्वीकृत कराये व शमन शुक्ल जमा कराये।

# महापौर ने रु 4..75 करोड़ की लागत से किया चार कार्यों का शिलान्यास

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** महापौर अशोक कुमार तिवारी जी द्वारा यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रेरणा से नगर निगम द्वारा 04 कार्यो का शिलान्यास किया गया।

1- वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन से वाराणसी बस स्टैंड तक कराये जा रहे ऑटो कॉरिडोर के विकास कार्य का शिलान्यास किया। जिसकी लागत 1 करोड़ 48 लाख हैं। यह परियोजना वाराणसी में सुगम यातायात व्यवस्था को एक नई दिशा देगी और नगरवासियों के लिए सुविधाजनक एवं आधुनिक परिवहन का मार्ग प्रशस्त करेगी। यह कदम काशी के विकास की गति को और तेजी प्रदान करेगा।

2- डीठोरी महाल अंतर्गत विंध्यवासिनी नगर कॉलोनी के आंतरिक सड़क व मार्ग , पटरी का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 2 करोड़ 65 लाख हैं। 3- वार्ड संख्या 31 नरायणपुर में पंचवटी धाम कॉलोनी कठवतिया में बेचन सिंह के मकान सी 6/45-8 बी० से इंदु तिवारी के मकान सी 6/42 के० एच-5 तक कच्चे मार्ग पर इंटरलॉकिंग कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 45 लाख 20 हजार है।



4- वार्ड संख्या 31 नारायणपुर में सेंट्रल जेल रोड स्थित शिवाय होटल से वैष्णवी होटल बिल्डिंग होते हुए चुप्पेपुर गांव में रमेश पटेल के मकान तक इंटरलॉकिंग कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 16 लाख 24 हजार है।

# फाफामऊ-उग्रसेनपुर खण्ड के दोहरीकरण का संबंधित अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** रेलवे प्रशासन द्वारा महाकुम्भ-2025 को ध्यान में रखते उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के फाफामऊ-उग्रसेनपुर खण्ड के मध्य दोहरीकरण से सम्बन्धित कार्य पूर्ण किये जाने के परिप्रेक्ष्य में यातायात एवं पावर ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन एवं नियंत्रण निम्नवत रहेगा।

**निरस्तीकरण-**

गाजीपुर सिटी से 12 से 21 दिसम्बर, 2024 तक चलने वाली 05437 गाजीपुर सिटी-प्रयागराज संगम मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी।

प्रयागराज संगम से 12 से 21 दिसम्बर, 2024 तक चलने वाली 05438 प्रयागराज संगम-गाजीपुर सिटी मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी।

**मार्ग परिवर्तन-**

- लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 11 से 20 दिसम्बर, 2024 तक चलने वाली 15017 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-गोरखपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग प्रयागराज जं.-फूलपुर-जंघई-वाराणसी जं. के स्थान पर परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग-बनारस-वाराणसी जं. के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव प्रयाग, फाफामऊ, सराय चंडी, फुलपुर, उग्रसेनपुर, जंघई, सराय कंसराय, सुरियावां, मोढ़, भदोही, पारसीपुर, कपसेठी तथा सेवापुरी स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

- लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 16 दिसम्बर, 2024 को चलने वाली 15182 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-मऊ एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग प्रयागराज जं.-फूलपुर-जंघई-जफराबाद-शाहगंज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग-बनारस-वाराणसी जं.-औंड़िहार-मऊ के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव प्रयाग, फूलपुर, जंघई, मरियाँहू, जौनपुर, शाहगंज, खोरासन रोड, आजमगढ़, मुहम्मदाबाद स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

- छपरा से 12, 14, 17 एवं 19 दिसम्बर, 2024 को चलने वाली 11059 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग प्रयागराज जं.-फूलपुर-जंघई-जफराबाद-शाहगंज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग-बनारस-वाराणसी जं.-औंड़िहार-मऊ के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव फूलपुर, जंघई, मरियाँहू, जफराबाद, जौनपुर, शाहगंज, खोरासन रोड, सरायमीर, आजमगढ़ तथा मुहम्मदाबाद स्टेशनों पर नही रहेगा।

- लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 13, 15, 16, 18 एवं 20 दिसम्बर, 2024 को चलने वाली 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-गोरखपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग प्रयागराज जं.-फूलपुर-जंघई-जफराबाद-शाहगंज-मऊ के स्थान पर परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग-बनारस-वाराणसी जं.-औंड़िहार-मऊ के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव फूलपुर, जंघई, मरियाँहू, जफराबाद, जौनपुर, शाहगंज, खोरासन रोड, सरायमीर, आजमगढ़ तथा मुहम्मदाबाद स्टेशनों पर नही रहेगा।

# युवक ने घर में पंखे की कुंडी के सहारे लगाई फांसी, मौत

**उजाला संचार**

**दुद्धी।** स्थानीय कस्बे के वार्ड नं 2 में एक 38 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली युवक को इन दिनों शराब की लत लग गई थी आशंका जताई जा रही है कि बुधवार की रात्रि वह नशे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली परिजनों को गुरुवार की दोपहर इसकी जानकारी तब हुई जब वे सुबह से बंद युवक के कमरे को खोलकर देखा तो नजारा देख ढंग रह गए। सूचना पर मौके पर पहुँची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी इंचार्ज एमपी सिंह ने बताया कि 38 वर्षीय युवक भोला सोनी पुत्र जगरनाथ सेठ ने अपने घर के एक कमरे में पंखे की कुंडी के सहारे साड़ी के फंदे से झूल गया जिससे उसकी मौत हो गयी परिजनों को इसकी जानकारी होने पर गुरुवार की दोपहर उन्होंने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर इसे पीएम हेतु भेज दिया।



# 8 किलोमीटर एरिया को नो काइट जोन बनाया

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** देश की पहली अर्बन ट्रांसपोर्ट रोपवे परियोजना का काम वाराणसी जोर-शोर से हो रहा है. हालांकि, बीच-बीच में कुछ ब्याधियां भी आ रही हैं. रोपवे के टॉवर पर तार बिछाने का कार्य शुरू हो गया है . तार सेफ रहे . इसके लिए रोपवे विभाग के अधिकारियों ने कैंट से लेकर गोदौलिया तक करीब 8 किलोमीटर एरिया को नो काइट जोन बनाया है . इसके लिए रोपवे का वाहन लगातार सिटी में चक्रमण कर पतंग उड़ाने वाले लोगों को अवेयर कर रहा है कि रोपवे के तार में किसी भी प्रकार का मांझा न फंसे . नहीं तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी . लाउडस्पीकर से इस घोषणा को सुनने के लिए गांधी नगर में लोगों की भीड़ भी लग गई।



**हो सकता है तार डैमेज**

रोपवे के जीएम शंभू चौधरी का कहना है कि रोपवे के टॉवर पर तार को सुरक्षित रखने के लिए लोगों को अवेयर किया जा रहा है. जहां-जहां रोपवे का टॉवर बना है. वहां पर तार फैलाने का कार्य शुरू हो गया है।

इस तार में चायनीज मांझा को न फंसाएं. इससे दुर्घटना हो सकती है. कैंट से लेकर गोदौलिया तक टॉवर बनाए गए हैं।

**15 टॉवर स्टाल**

रोपवे के 18 में से 15 टॉवर इंस्टॉल हो चुके हैं. प्रत्येक टॉवर पर पांच तरह का रोप लगाने का काम शुरू हो चुका है. सबसे पहले एक मिलीमीटर (मोटी) फाइबर रोप को ड्रोन से पुल करेंगे, यह काफी पतली होगी. रोप को नियंत्रित करने के लिए भारत माता मंदिर रोपवे स्टेशन के सामने 70 मीटर लंबा प्लेटफार्म बनाया जाएगा. करीब 20 दिन में यह प्रक्रिया पूर्ण करने की जाएगी.

**20 दिसंबर तक ट्रायल का प्रयास**

20 दिसंबर तक ट्रायल रन का भी प्रयास है. अब तक 96 मोनोकेबल डेटाकेबल गोंडोला (केबल कार) आ चुके हैं. इनके बिछाने का कार्य शुरू हो चुका है. 52 गोंडोला अगले माह तक आ जाएंगे. तीनों स्टेशनों पर 14 एलिवेटर (लिफ्ट) और 13 एस्केलेटर (स्वचालित सीढ़ी) लगाने का काम जल्द ही शुरू होगा।

इसके अलावा तीन टिकट काउंटर और पांच वेंडिंग मशीनें लगाने के लिए स्टेशनों के अंदर जगह भी चिह्नित कर ली गई है. विभाग की तरफ से किराया भी निर्धारित हो चुका है. प्रस्तावित दरें अनुमोदित करने के लिए फाइल राजमार्ग और सड़क परिवहन मंत्रालय को भेजी गई है.

**गिरिजाघर स्टेशन का 20 परसेंट कार्य पूरा**

दूसरे चरण में गिरजाघर स्टेशन का कार्य 20 परसेंट हो चुका है. फाउंडेशन तैयार हो चुका है, लेकिन गोदौलिया स्टेशन को आगे शिफ्ट करने का प्रयास अंतिम दौर में है. वैसे कई विकल्पों पर बात हो रही है, लेकिन दशाश्वमेध प्लाजा के सामने स्टेशन बनाने पर मंथन चल रहा है. कब तक रोपवे रनिंग में आएगा. यह अभी तय नहीं किया गया है. अभी कार्य को पूर्ण करने में सभी लोग लगे हैं।

**एक नजर में रोपवे**

स्टेशन एलिवेटर एस्केलेटर काउंटर वेंडिंग मशीन

कैंट 6 4 1 3

विद्यापीठ 4 4 1 1

रथयात्रा 4 5 1 1

कुल योग 14 13 3 5


रोपवे का कार्य चल रहा है. टॉवर के ऊपर तार बिछाने का कार्य शुरू हो चुका है. आसपास के लोगों से अपील भी की जा रही है कि तार के पास पतंग न उड़ाएं. इससे दिक्कत होगी।

# वीडीए ने किया 2 अवैध निर्माण को सीज

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी जोन-4 की प्रवर्तन टीम द्वारा आज दिनांक 11/12/2024 को कुल 02 अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी।

1 - वार्ड-भेलूपुर के अन्तर्गत बिना मानचित्र स्वीकृत कराए आरीफ जमाल पुत्र यूनूस व अन्य द्वारा भवन सं0-बी-3/131, चेतसिंह किला के पास अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा था, जिसके विरुद्ध पूर्व में उ०प्र० नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-27 के अंतर्गत कारण बताओ एवं धारा-28 के अन्तर्गत विकास कार्य रोकने हेतु नोटिस की कार्यवाही की गयी थी परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा स्थल पर चोरी-छिपे तथा रुक-रुक कर रात्रि में निर्माण कार्य किया जा रहा था ' अतः आज दिनांक 11/12/2024 को उपरोक्त अनाधिकृत निर्माण पर उ०प्र० नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-28




(क) के अन्तर्गत सील की कार्यवाही की गयी। 2 - उक्त के क्रम में वार्ड-भेलूपुर के अंतर्गत बिना मानचित्र स्वीकृत कराए शहनवाज व अन्य द्वारा भवन सं0-बी-3/131, चेतसिंह किला के पास अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा था जिसके विरुद्ध पूर्व में उ०प्र० नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-27 के अंतर्गत कारण बताओ एवं धारा-28 के अन्तर्गत विकास कार्य रोकने हेतु नोटिस की कार्यवाही की गयी थी परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा स्थल पर चोरी-छिपे तथा रुक-रुक कर रात्रि में निर्माण कार्य किया जा रहा था ' अतः आज दिनांक 11/12/2024 को उपरोक्त अनाधिकृत निर्माण पर उ०प्र० नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-28 (क) के अन्तर्गत सील की कार्यवाही की गयी।

जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी अवर अभियंता सोनू कुमार उपस्थित रहे। (उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# संसद को अप्रासंगिक बनाने धनखड़ और बिरला में होड़



डॉ. दीपक पाचपोर

**देश के सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर आवश्यक चर्चा को टालकर संसद को अप्रासंगिक बनाने के कारण ही संसद परिसर में कुछ ऐसे नजारे देखने को मिलते हैं जो कहने को अप्रिय लग सकते हैं परन्तु वे यह बतलाते हैं कि दोनों सदनों के भीतर उनकी बात को नहीं सुना जा रहा है।**

विपक्ष में रहते भाजपा हमेशा कहती रही है कि 'संसद को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष की होती है', पर दस वर्षों से उसका नजरिया बदल गया है। अब वह विपक्ष को संसद के ठप होने के लिये जिम्मेदार मानने लगी है। तकरीबन हर सत्र का पैटर्न कुछ इस तरह का हो गया है कि किसी न किसी बात को लेकर सत्ता पक्ष की ओर से शोर-शराबा किया जाता है। अपने प्रदीर्घ राजनीतिक जीवन के अलग-अलग कालखंडों में विधानसभा से लेकर संसद के दोनों सदनों में बैठ चुके राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह सोमवार को जब संसद परिसर में यह कहते हैं कि 'मैंने अपने लम्बे राजनीतिक जीवन में ऐसा पक्षपाती सभापति नहीं देखा जैसा कि आज आसीन है', तो इस पर गम्भीरता से विचार किये जाने की जरूरत है। उसे केवल यह कहकर खारिज नहीं किया जाना चाहिये कि वे विपक्ष में हैं तो ऐसा कहेंगे ही। उन्होंने यह बात शिष्टाचारवश राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को ही लेकर सीमित करके कही है क्योंकि वे उसी सदन के बारे में कह रहे थे, जिसके कि वे सदस्य हैं। वरना उनकी बात दोनों ही सदनों के बारे में एक सी लागू होती है- लोकसभा के बारे में भी जिसके अध्यक्ष ओम बिरला हैं। हालांकि अब यह कहना बड़ा मुश्किल है कि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में कौन अधिक सक्रियता और शिद्दत से संसद को अप्रासंगिक बनाने पर तुला है- ओम बिरला या जगदीप धनखड़। वैसे तो बिरला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की परम्परा से आते हैं इसलिये उनके लिये ऐसी संवैधानिक संस्थाओं का कोई महत्व नहीं है; और भारतीय जनता पार्टी शासन में ऐसे ही लोगों को ये पद अधिक आसानी से मिलते हैं जो उस आसन को अधिकतम गंदला कर सकें। मटियामेट कर दें। इसलिये अपनी कार्रवाई के दौरान बिरला अक्सर सदस्यों से 'बैठ जाओ', 'नो...नो', 'यह नहीं चलेगा' 'आपकी बात रेकार्ड में नहीं जायेगी... जैसे शब्दों में डांट-डपट करते रहते हैं।

आगे-पीछे राष्ट्रपति का चुनाव होना है। साफ है कि उस पद की ओर दोनों तेजी से बढ़ना चाहते हैं। धनखड़ की संघ की पार्श्वभूमि नहीं है। वे सुप्रीम कोर्ट के सफल वकील होने के साथ जनता दल व कांग्रेस में लम्बा समय काटकर आये हैं। उन्हें संविधान का महत्व मालूम होना चाहिये परन्तु व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा की इस होड़ के चलते वे भी लोकतंत्र और जनहित को भंगार कर रहे हैं। इसके कारण पिछले कई सत्रों की भांति ही संसद के मौजूदा सत्र में अब तक कुछ ही घंटे काम हो पाया है। संसद में काम न होने





का फायदा हमेशा सत्तारुढ़ दल को होता है। बिरला व धनखड़ मिलकर भारतीय जनता पार्टी को दिलो-जान से लाभान्वित कर रहे हैं। पिछली दोनों व वर्तमान लोकसभाओं और राज्यसभा में विपक्ष को कुचलने और उसकी आवाज को खत्म करने की सुनियोजित योजना के अंतर्गत दोनों ने अपने संवैधानिक पदों का भरपूर दुरुपयोग किया है। किसी भी मुद्दे पर जिस तरीके से ये दोनों सरकार का बचाव करते अथवा पैरवी करते नज़ार आते हैं, उससे अधिक शर्मनाक कुछ इसलिये नहीं हो सकता क्योंकि ये दोनों पद पार्टी हितों से बढ़कर जिम्मेदारियों के निर्वहन की अपेक्षा रखते हैं। पूरी संसदीय व्यवस्था इन दोनों पदों के निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से काम करने पर निर्भर है। इस वर्ष लोकसभा चुनाव के बाद दूसरी बार ओम बिरला को जब यह पद मिला तो उससे साफ संदेश गया कि जो भी संसदीय परम्परा को जितना बिगाड़ सकता है वह उतना ही अधिक पुरस्कृत होगा। वरना जब भी मिली-जुली सरकार बनती है तो सत्ताधारी दल यह पद किसी सहयोगी पार्टी को प्रदान करता है। मोदी ने ऐसा नहीं किया। उसके पीछे यही कारण था कि वे इन दोनों के जरिये सम्पूर्ण राजनीतिक एकाधिकार कायम करना चाहते हैं। इसमें वे काफी हद तक सफल होते भी दिख रहे हैं।

विपक्ष में रहते भाजपा हमेशा कहती रही है कि 'संसद को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष की होती है', पर दस वर्षों से उसका नजरिया बदल गया है। अब वह विपक्ष को संसद के ठप होने के लिये जिम्मेदार मानने लगी है। तकरीबन हर सत्र का पैटर्न कुछ इस तरह का हो गया है कि किसी न किसी बात को लेकर सत्ता पक्ष की ओर से शोर-शराबा किया जाता है और जो राई भी नहीं है उसे पर्वत बनाकर सदन को ठप कर दिया जाता है। सरकार से सवाल पूछते ही सत्ताधारी दलों की ओर से विपक्ष पर हमले होते हैं। उस शोर-गुल में संख्या बल के आसरे दोनों सदनों के संचालकगण सरकार की ओर से रखे जाने वाले कानून पारित करा देते हैं जिनमें से ज्यादातर जनविरोधी रहे हैं। पिछले दशक भर से पता नहीं ऐसे कितने कानून भाजपा सरकार द्वारा पारित कराकर देश पर थोपे गये हैं जिन पर पहले चर्चा नहीं की गयी।

लगता है कि संसद को इसी तरह से चलाने के निर्देश सम्भवतः मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से मिले हुए हैं। इस टास्क को कौन भली-भंति पूरा करता है- इसी के हिसाब से तय होगा कि अगला राष्ट्रपति कौन बनेगा। इस टास्क के साथ यह भी संदेश छिपा हुआ है कि संसद को पूरी तरह से अप्रासंगिक बना दिया जाये ताकि लोगों का लोकतंत्र से ही मोहभंग हो जाये और भाजपा तथा उसकी मातृ संस्था आरएसएस की मंशा के अनुरूप देश में मनुवादी व्यवस्था स्थापित की जा सके जिसके तहत शासन प्रणाली में लोगों की भागीदारी न हो। बिरला-धनखड़ की जोड़ी एक तरह से अपने-अपने सदनों को अपहत कर मोदी-शाह के इसी मंसूबे को पूरा कर रही है। देश के गिने-चुने कारोबारियों के पक्ष में काम करने वाली सरकार के लिये ऐसे ही सदन मुफीद होते हैं।

देश के सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर आवश्यक चर्चा को टालकर संसद को अप्रासंगिक बनाने के कारण ही संसद परिसर में कुछ ऐसे नजारे देखने को मिलते हैं जो कहने को अप्रिय लग सकते हैं परन्तु वे यह बतलाते हैं कि दोनों सदनों के भीतर उनकी बात को नहीं सुना जा रहा है। उन्हें बोलने के लिये कोई और मंच चाहिये। मोदी प्रेस कांफ्रेंस करते नहीं और सरकार समर्थक मीडिया विपक्ष की बात को नहीं छापता या दिखाता। छापता-दिखाता भी है तो तोड़-मरोड़कर या उतने हिस्से को ही जिससे सत्ता पक्ष को फायदा हो। ऐसे में यदि राज्यसभा सदस्य कल्याण बैनर्जी (तृणमूल कांग्रेस) धनखड़ की मिमिक्री करते हैं और उसका राहुल गांधी वीडियो बनाते हैं तो वह स्वाभाविक है; अथवा राहुल बतलाते हैं कि दूसरी बार अध्यक्ष बनने के बाद ओम बिरला उनसे (राहुल से) तो तनकर मिलते हैं परन्तु मोदी से झुककर हाथ मिलाते हैं। इस सबके बावजूद यदि प्रतिपक्ष का मुंह बंद रखने पर बिरला-धनखड़ आमादा हैं तो विरोधी दलों के पास इसके अलावा कोई और चारा नहीं रह जाता कि वे मोदी व गौतम अदानी के मास्क पहनकर संसद परिसर में दोनों की दोस्ती को प्रतीकात्मक तरीके से अभिनीत करें। यह प्रहसन बतलाता है कि संसद ऐसी अप्रासंगिक हो गयी है कि अपनी बात कहने या उन पर होते अन्याय को दशार्ने के लिये निर्वाचित सांसदों को मिमिक्री का सहारा लेना पड़ रहा है।

पार्टी के प्रति निष्ठा कहें या मोदी-शाह का डर; अथवा व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा- इन्हें देश व जनता के हितों से भी ऊपर रख दिया गया है। इसी के चलते एक ओर तो ओम बिरला थोक के भाव में विरोधी सदस्यों को निलम्बित करते हैं, तो वहीं धनखड़ राज्यसभा में राष्ट्रीय सुरक्षा पर नियम 267 के तहत नोटिस खारिज होने के बावजूद चर्चा के लिये सत्तारुढ़ दलों के सदस्यों को बोलने से रोकते हैं; लेकिन विपक्षी पार्टियों के सदस्यों का बोलना नामंजूर कर देते हैं। यही कारण है कि प्रेस के समक्ष दिग्विजय सिंह को कहना पड़ता है कि इतना पक्षपाती सभापति उन्होंने अपने जीवनकाल में कभी भी नहीं देखा।





## दैनिक राशिफल

## दिनांक 13 दिसम्बर 2024 शुक्रवार

**मेषः** दिन लाभप्रद है। जो भी योजनाएं आप बनाएंगे, वे शीघ्र आपको शुभ फल देंगे। समय के महत्व को समझकर कर्म करते जाएं। लाभ अपने आप मिलने लगेगा। आर्थिक लाभ तथा प्रवास की संभावना है। आपके कार्य की प्रशंसा हो सकती है। वाद-विवाद टालें। वाहनसुख प्राप्त होगा।

**वृषः** दिन आपका व्यस्तता पूर्वक बीतेगा। अधूरे कार्य पूर्ण होंगे। व्यवसाय हो या नौकरी सभी कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होंगे। आपका शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। दिन आनंद और उल्लास में बीतेगा। आपके सभी कार्य योजनानुसार संपन्न होंगे।

**मिथुनः** पूरे दिन असमंजस की स्थिति बनी रहेगी। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। किसी भी नए कार्य के प्रारंभ के लिए दिन उचित नहीं है। मानसिक अशांति और उद्वेग आपके मन पर छाया रहेगा। आकस्मिक धनखर्च हो सकता है।

**कर्कः** स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतें। बिना सोच-विचार के आज कोई कार्य न करें। घर का माहौल सही रहे, इसका ध्यान रखें। परिजनों के साथ मनमुटाव होने की आशंका है। धन का व्यय हो सकता है। आज आपमें आनंद एवं स्फूर्ति का अभाव हो सकता है।

**सिंहः** प्रिय व्यक्ति का साथ मिलेगा, उनकी राय पर ध्यान दें। भावनात्मक संबंध स्थापित होंगे। भाई-बंधुओं के साथ समय आनंदपूर्वक बीतेगा। उनसे लाभ भी होगा। मित्रों और स्वजनों के साथ मुलाकात होगी। कार्य सफलता से मित्र प्रसन्न होंगे।

**कन्याः** शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। अचानक कोई शुभ सूचना से मन प्रसन्न रहेगा। परिजनों के साथ आनंद और सुखपूर्वक समय बीतेगा। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। प्रवास की योजना बन सकती है। वाद-विवाद से बचें, अन्यथा हानि हो सकती है।

**तुलाः** मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान से सुख प्राप्त होगा। यात्रा में सफलता के योग बन रहे हैं। आर्थिक विषयों पर व्यवस्थित योजना बना सकेंगे। प्रियपात्रों के साथ आनंदपूर्वक समय बीतेगा। आभूषण, आमोद-प्रमोद के साधन एवं मनोरंजन के पीछे धन खर्च हो सकता है।

**वृश्चिकः** क्रोध एवं आवेश से बचें। वाणी पर संयम रखें। वाद-विवाद से बचें तभी दिन की शुभता प्राप्त होगी। प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आकस्मिक खर्च हो सकता है। ईष्ट देवता के ध्यान से समस्याओं का निवारण होगा।


**धनुः** प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात यादगार रहेगी। यात्रा मंगलमय रहेगी। आज सभी कार्य पूर्ण होंगे और दिन शुभ रहेगा। गृहस्थ जीवन का संपूर्ण आनंद आप ले सकेंगे। मित्रों के साथ सुंदर स्थल पर प्रवास का आयोजन होगा। आय में वृद्धि के योग हैं।

**मकरः** कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट शुरू करना लाभदायक रहेगा। मौके बार-बार आपके दरवाजे पर दस्तक नहीं देंगे। व्यापार के लिए यात्रा करने से लाभ होगा। उच्च अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में पद-प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा।

**कुम्भः** कार्य सिद्धि का दिन है। मन और चित्त दोनों से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। मानसिक भार आज हल्का रहेगा। आज प्रत्येक कार्य में सरलता से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में उच्चाधिकारियों की प्रसन्नता के कारण प्रमोशन के योग हैं।

**मीनः** यात्रा करने से परहेज करें, हानि हो सकती है। मानसिक तनाव से बचें, असंतोष छोड़कर आत्म संतोषी बनें। व्यापारी वर्ग को पुरानी उगाही का धन मिल सकता है। स्वास्थ्य के विषय में संभलकर रहें।

# आर्थिक कारणों से अन्नदाताओं के बगावती तेवर



सनत जैन

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसानों की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। नाबार्ड की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है। 4.476 करोड़ किसान परिवारों की मासिक औसत आय मात्र 13,661 रुपये है। जो प्रति दिन की आय 150 रुपये से भी कम है। जिसके कारण अधिकांश किसान परिवार आर्थिक तंगी के सबसे भयावह दौर से गुजर रहे हैं। किसान खेती के अलावा पशुपालन, मजदूरी और अन्य माध्यम से जो थोड़ी किसानों को आय होती है। उसी से वह किसी तरह अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। छोटे किसानों की हालत मजदूरों से भी गई बीती हो गई है। नाबार्ड की रिपोर्ट के अनुसार खेती से किसानो की औसत मासिक आय केवल 1,677 रुपये है। किसानों के पास जरुरी संसाधन और कोई बचत नहीं है। हर छोटे किसान के ऊपर कर्ज का भार है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है, कि 91,231 रुपये का औसत कर्ज देश के किसान परिवारों पर है। भारत मे केवल 9.1% किसान परिवार कर्ज से मुक्त हैं। लघु सीमांत किसान छोटे किसान सभी कर्ज के भार से दबे हुए हैं। खेती की लागत पिछले 10 वर्षों में बेतहासा बढ़ने, उपज के उचित दाम नही मिलने और कर्ज के बोझ से किसानों और उनके परिवार का जीवन जीना कठिन हो गया है। देश के 55.4% किसान परिवार कर्ज के भारी बोझ से दबे हुए हैं। किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकारी नीतियों में सुधार की जरूरत है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू करना आवश्यक है। तीन वर्ष से ज्यादा का समय हो गया है। किसान सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं। सरकार ने जो वायदे किए थे, उससे केन्द्र सरकार मुकर गई है। निहत्ये किसानों पर जिस तरीके से पुलिस बल का प्रयोग किया जा रहा है। उसके कारण किसान नाराज होकर अब आर पार की लड़ाई लड़ने सड़कों पर उतर रहे हैं। बैंक और सहकारी समितियां द्वारा डिफाल्टर होने पर किसानों से ब्याज पर दंड ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज पर तुरंत रोक लगाने की व्यवस्था सरकार को करना होगी। इसके अलावा, कृषि के लिए आधुनिक तकनीकों और सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना जरूरी हो गया है। केंद्र एवं राज्य सरकारें किसानों और कृषि के लिये सही नीतियाँ बनाकर उन्हें लागू कराएं, तभी किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। जीवन जीने के लिए कृषि क्षेत्र का मजबूत करना सरकारों की सर्वोच्च प्राथमिकता में होना चाहिए। किसानों के साथ जो धोखाधड़ी सहकारी समितियां और सूदखोरों द्वारा की जा रही है। इस पर तत्काल रोक लगाने की जरूरत है। सहकारी समितियां से लिए गए कर्ज पर यदि किसान एक बार डिफाल्टर हो जाता है, तो कई गुना कर्ज और ब्याज का बोझ किसान के ऊपर सहकारी संस्थाओं और बैंकों द्वारा डाल दिया जाता है। जिसके कारण किसान जीवन भर उस कर्ज को चुका नहीं पाता है। हताशा में किसानों को आत्महत्या तक करनी पड़ रही है। कृषि क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए दीर्घकालिक योजना और ठोस प्रयास आवश्यक हैं। किसानों से ऋण में दिया गया मूलधन वापस करने का ही कानून बनाया जाना चाहिए। यदि किसान डिफाल्टर हो जाता है। ऐसी स्थिति में उसके ऊपर ब्याज का बोझ नहीं आना चाहिए। किसानों से यदि केवल मूल कर्ज की वसूली होगी। तभी जाकर किसानों की आर्थिक स्थिति मैं सुधार आ सकता है। किसानों की आय और बचत बढ़ने से ही देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो सकती है। देश की अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का सर्वाधिक योगदान है। भारत में कृषि क्षेत्र ही सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराता है। कृषि क्षेत्र में जिस तरह से कॉरपोरेट कंपनियों का प्रवेश हो रहा है। यह स्थिति देश को बर्बाद करने की ?दिशा में बढ़ता कदम होगा। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर खत्म हो जाएंगे। भारत कृषि प्रधान देश है। संघीय व्यवस्था होने के कारण प्रत्ये राज्य की अपनी विविधता है। कृषि क्षेत्र के कारण स्थानीय स्तर पर करोड़ों लोगों को स्थानीय राजगार उपलब्ध होता है। ऐसी स्थिति में केंद्र एवं राज्य सरकारों को कृषि क्षेत्र एवं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विशेष प्रयास करने चाहिए।

# शीतकालीन सत्र में दिल्ली का पारा गिरता जा रहा है परंतु संसद में सियासी तापमान प्रचंड है



किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर दुनिययाँ के अनेकों लोकतांत्रिक देश में वहां के निचले व उच्च्य सदन के लिए निर्वाचित सदस्यों के बीच सदन जूते चप्पलों का चलना कुर्सियां फेंकना व आपसी मारपीट के अनेक मामले हम टीवी चैनलों के माध्यम से देख चुके हैं जो एक लोकतंत्र के मंदिर में किसी भी प्रकार से उचित नहीं ठहराया जहां सकता यह उस जनता का अपमान है जिन्होंने उन्हें का समाधान करने वह उनका जीवन बेहतर बनाने के लिए उन्हें चुना है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 25 नवंबर से 20 दिसंबर 2024 तक चलने वाले भारतीय संसद के शीतकालीन सत्र में हम पहले दिन से ही देख रहे हैं कि काफी हंगामा मचा हुआ है,सदन नहीं चल रहा है व लगातार स्थगित हो रहे हैं जो आज 10 दिसंबर 2024 को भी दिन भर बाधित रहा और 11 दिसंबर 2024 तक के लिए स्थगित कर दिया गया। विपक्ष लगातार उद्योगपति मामले पर जेपीसी की मांग कर रहा है जिसपर सदन में चर्चा हो परंतु अब सत्ता पक्ष मैं भी जार सोरोन का मुद्दा उठाकर बड़ी पार्टी को भी घेरा है जिससे अब और भी स्थिति गंभीर होती जा रही है जनता देख रही है पिछले, कुछ सत्रों से हम देख रहे हैं कि लोकसभा सत्र के दौरान ही कोई गंभीर मुद्दा उठता है और उसपर हंगामा शुरू हो जाता है और जनता की गाड़ी कमाई का पैसा यूं ही अपव्यय हो जाता है।चूँकि भारतीय संसदीय शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर 2024 तक चल रहा है, संसद की लड़ाई अदानी से होकर सोरोस पर आई-दुनियाँ की जनता देखती रही। साथियों बात अगर हम हंगामेंदार शीतकालीन सत्र की करें तो शीतकाल में दिल्ली का पारा गिरता जा रहा है लेकिन संसद में सियासी तापमान प्रचंड है।शुरूआती छह में से पांच दिनों की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ने के बाद कामकाज पटरी पर लौटा ही था कि दोनों ही सदन फिर से बेपटरी हो गए हैं। लोकसभा से राज्यसभा तक अडानी मुद्दे पर विपक्ष आक्रामक है तो वहीं अब दोनों सदनों में ट्रेजरी बेंच भी फ्रंटफुट पर आ गया है।संसद में अडानी मुद्दे से शुरू हुआ संग्राम अब जॉर्ज सोरोस पर आ गया है संसद के शुरूआती हफ्ते में जहां विपक्ष का अडानी पर आक्रामक रवैया सदन की कार्यवाही में बाधा बना तो वहीं अब विपक्ष के इस मुद्दे का जवाब सत्ता पक्ष के सदस्य संसद में जॉर्ज सोरोस के मुद्दे से दे रहे हैं।सत्ता पक्ष ने सोमवार को सोरोस मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा किया जिसकी वजह से राज्यसभा की कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे और फिर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।विपक्ष के नेता ने कहा है कि अगर ये तय करके आए हैं कि सदन नहीं चलने देंगे तो आप लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं।केरल के सांसद ने कहा कि सोरोस के मुद्दे पर चर्चा हो लेकिन उसके साथ ही अडानी मुद्दे पर भी चर्चा हो।कांग्रेस के सांसदों ने सत्ता पक्ष के रवैये को अडानी को बचाने की कोशिश बताया।विपक्ष के सदस्यों के विरोध के बाद संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार को दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी सदस्यों का दावा है कि विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के उनके अनुरोध को सत्ता पक्ष द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है। इनमें दिल्ली में किसानों का विरोध प्रदर्शन और मणिपुर में चल रहा संघर्ष शामिल है। वहीं, दूसरी ओर सत्ताधारी पार्टी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता के फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया पैसिफिक (एफडीएल-एपी) फाउंडेशन के जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन के साथ कथित संबंध के बारे में दावा किया है।

साथियों बात अगर हम अडानी बानाम सोरोस की करें तो संसद में सोरोस का मुद्दा आज गतिरोध बनकर सामने आया है लेकिन यह चैप्टर आज ही शुरू नहीं हुआ है, इसकी झलक 6 दिसंबर, शुक्रवार को ही देखने को मिल गई थी, तब अडानी मुद्दे पर हमलावर विपक्ष और कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करते हुए सत्ताधारी पार्टी के एक सांसद ने यह मुद्दा लोकसभा में उठाया था, झारखंड के सांसद ने सोरोस का मुद्दा उठाते हुए विपक्षी कांग्रेस से 10 सवाल पूछे थे। उन्होंने विपक्ष के नेता की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सोरोस के किसी करीबी शेट्टी के नाम का जिक्र करते हुए भी सवाल पूछा था, इसी दौरान हंगामे की वजह से लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित हो गई थी।केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री ने कार्यवाही शुरू होने से पहले कहा कि कुछ मुद्दे हैं जिन्हें राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। जॉर्ज सोरोस और उनके संबंध जो सामने आए हैं, हम इसे विपक्षी पार्टी या विपक्षी नेता से संबंधित मुद्दे के रूप में नहीं देखते, हमें इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए, यह भारत विरोधी ताकतों से संबंधित है, हमने कांग्रेस और अन्य दलों से कहा है कि हम 13-14 दिसंबर (लोकसभा में) और 16-17 दिसंबर (राज्यसभा में) को संविधान पर चर्चा करेंगे।कांग्रेस पार्टी के नेताओं और उसके कार्यकताओं से अपील करना चाहता हूं कि अगर उनके नेताओं के भी भारत विरोधी ताकतों से संबंध पाए जाते हैं तो उन्हें भी अपनी आवाज उठानी चाहिए।साथियों बात अगर हम जॉर्ज सोरोस को जानने की करें तोभारत की राजनीति में अमेरिका के अरबपति कारोबारी जॉर्ज सोरोस का नाम इन दिनों चचाओं में चल रहा है। बीजेपी ने विपक्षी बढ़ी पार्टी और विपक्ष के नेता समेत उनके परिवार की आलोचना करने के लिए सोरोस के नाम का सहारा लिया है। इतना ही नहीं बीजेपी ने सोमवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता पर भारत को कथित तौर पर अस्थिर करने के लिए जॉर्ज सोरोस जैसी अंतर्राष्ट्रीय ताकतों के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया है। सत्ताधारी पार्टी लगातार सोरोस का नाम लेकर विपक्ष के नेता को घेर रही है। सत्ताधारी पार्टी ने इस मुद्दे पर चर्चा करने की मांग की जिसको लेकर राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। सत्ताधारी पार्टी का आरोप है कि कांग्रेस नेता उस संगठन से जुड़ी हैं जो सोरोस से फंड लेती हैं।जॉर्ज सोरोस का नाम भारत में पहली बार नहीं आया है। इससे पहले भी सोरोस का नाम आ चुका है। इससे पहले अडाणी मुद्दे, मोदी सरकार पर टिप्पणी करके वह विवादों में आए थे। हंगरी के बुडापेस्ट में 1930 में सोरोस का जन्म हुआ था। सोरोस का नाता विवादों से रहा है। सोरोस का सबसे विवादित फाइनेंशियल मूव 1992 में आया था, उस समय उन्होंने ब्रिटिश पाउंड के खिलाफ दांव लगाया और एक ही दिन में 1 बिलियन डॉलर से अधिक की कमाई



की। इसके बाद उन्हें द मैन हू ब्रोक द बैंक ऑफ इंग्लैंड का उपनाम भी दिया गया, जिसका अर्थ होता है-बैंक ऑफ इंग्लैंड को बर्बाद करने वाला व्यक्ति। पीएम मोदी के है धुर आलोचक है,जॉर्ज सोरोस की पहचान एक ऐसे व्यक्ति की रही है जो विश्व के कई देशों की राजनीति और समाज को प्रभावित करने के लिए अपना एजेंडा चलाता है। सोरोस को भारतीय पीएम की नीतियों का भी धुर आलोचक माना जाता है। 2020 में दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम पर एक भाषण के दौरान सोरोस ने पीएम और उनकी सरकार की खूब आलोचना की थी। उन्होंने सरकार परअधिनायकवाद को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया था। इसके अलावा सरकार पर विभाजनकारी नीतियों को लागू करने का आरोप लगाया। पीएम को सोरोस ने विश्व स्तरपर लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा करने वाले राष्ट्रवादी नेताओं में से एक बताया था। सोरोस के इस बयान की भारतीय नेताओं ने कड़ी आलोचना की थी।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारतीय संसदीय शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर 2024-संसद की लड़ाई अदानी से होकर सोरोस पर आई-दुनियाँ की जनता देखती रही शीत कालीन सत्र में दिल्ली का पारा गिरता जा रहा है परंतु संसद में सियासी तापमान प्रचंड है।डिजिटल मीडिया युग में सम्माननीय संसद सदस्यों को करोड़ों आंखें लाइव देख रही है जिसे हर सदस्य ने स्वतः संज्ञान लेना जरूरी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पहले प्रेम जाल मे फंसाया... अपने घर मे रखा.. हर दिन अस्मत लूटी.. किसी और से शादी करने का फैसला किया तो गर्लफ्रेंड ने जान दें दी.. दगाबाज प्रेमी अब हुआ अरेस्ट

**उजाला संचार,** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर मे बलिया की मूल निवासी 19 साल की BBA छात्रा अंजलि की मौत के मामले मे उसके लिव इन पार्टनर सतीश को पुलिस ने जेल भेज दिया है। लड़की पढ़ाई के दौरान सतीश के सम्पर्क मे आई और उसके साथ लिव इन मे रहने लगी। सतीश की जिंदगी मे नई प्रेमिका आई तो वह दूसरी लड़की के साथ विवाह की तैयारी मे लग गया। छात्रा इस बेवफाई को बर्दाश्त नहीं कर पाई और घर मे ही फांसी लगा जान दें दी।अब सतीश अरेस्ट है।

### विद्युत निगमों के निजीकरण का मामला देश भर में गरमाया

**उजाला संचार, लखनऊ।** कई विद्युत कर्मचारी संगठनों ने मिल कर किया देशव्यापी आंदोलन का ऐलान लखनऊ में हुई की बड़ी बैठक। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगर उप्र में बिजली के निजीकरण संबंधित कोई भी एकतरफा फैसला हुआ तो करेंगे देशव्यापी आंदोलन 13 दिसंबर को देश में मनाया जाएगा 'बिजली निजीकरण विरोधी दिवस' इसके अलावा, 13 दिसंबर और 19 दिसंबर को देशभर में होगी विरोध सभाए, इसके अलावा 22 दिसंबर को लखनऊ में और 25 दिसंबर को चंडीगढ़ में निजीकरण के विरुद्ध होगी।

### न्यायालय के आदेश पर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कर्नलगंज,गोण्डा।** कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम नारायनपुर के निवासी सुशील कुमार दुबे की तहरीर व न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में कहा गया है की संतोष कुमार निवासी ग्राम नारायनपुर मांझा व दो अज्ञात व्यक्ति तीनों लोग उसके घर में घुसकर पानी का मोटर, जेवर, बर्तन व अन्य कीमती सामान उठाकर जा रहे थे। आहट सुनकर वह जाग गया उसने टॉर्च की रोशनी में देखकर उसे पहचान लिया। पीड़ित का आरोप है कि उसने थाने में तहरीर दिया लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिस पर उसे न्यायालय के शरण में जाने के लिए विवश होना पड़ा। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### पीलीभीत के राजकीय पालीटेक्निक में अभिनन्दन-2024-25 का आयोजन, 477 छात्रों को मिले टेबलेट

**पीलीभीत।** राजकीय पालीटेक्निक पूरनपुर में नवप्रवेशित छात्रों के स्वागत में अभिनन्दन-2024-25 का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत संजीव प्रताप सिंह ने 477 छात्रों को टेबलेट वितरित किए।कार्यक्रम की शुरूआत संस्था प्रधानाचार्य श्री यज्ञ प्रकाश आर्य द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत करने के साथ हुई। इसके बाद, प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इन कार्यक्रमों में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, वार्षिक खेलकूद में विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर, मिस्टर फ्रेशर, मिस फ्रेशर, मिस्टर स्पोर्टस मैन और मिस स्पोर्टस वूमैन का चयन किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। संस्था प्रधानाचार्य श्री यज्ञ प्रकाश आर्य ने संस्था की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और मुख्य अतिथि को धन्यवाद दिया। मुख्य अतिथि ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए और छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में संस्था के समस्त स्टॉफ, अतिथि व्याख्याता और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर, डॉ अनुज बंशवार, व्याख्याता-विद्युत और सुश्री समीक्षा रानी, व्याख्याता-अंग्रेजी ने टेबलेट वितरण में योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में, अजय गुप्ता, व्याख्याता-विद्युत ने सभी का ह्रदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

### कथावाचिका साध्वी रोहिणी शास्त्री ने नारद मुनि का वर्णन किया, श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**सादुल्लानगर (बलरामपुर)।** स्थानीय क्षेत्र के छितलूपुर सराय खास में स्थित आदि शक्ति मां दुर्गा माता मंदिर पर आयोजित नौ दिवसीय सतचंडी महायज्ञ के छठवें दिन कथावाचिका साध्वी रोहिणी शास्त्री ने नारद मुनि का वर्णन किया जिसे सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए। उन्होंने बताया कि पौराणिक कथाओं के मुताबिक नारद जी ने भगवान विष्णु को श्राप दिया था। नारद जी को एक राजकुमारी से प्यार हो गया था और उन्होंने उसे लुभाने के लिए भगवान विष्णु से मदद मांगी थी। भगवान विष्णु ने नारद जी को सबक सिखाने के लिए उन्हें बदसूरत रूप में बदल दिया था। नारद जी को यह नहीं पता था कि भगवान विष्णु ने उन्हें बदसूरत बना दिया है। नारद जी स्वयंवर में गए और वहां विश्वमोहिनी ने भगवान विष्णु के गले में वरमाला डाल दी।

# 101 टीबी मरीजों को पोषण पोटली का हुआ वितरण

**मिर्जापुर।** लोहंदी कला क्षेत्र अन्तर्गत बसंत बहार लान में इटरनल ग्रेस ट्रस्ट द्वारा करते हुए गोद लेने एवं अपने 25 ट्रस्ट सदस्यों द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन मुख्य अतिथि एडीएम श्री देवेन्द्र प्रसाद सिंह के उपस्थिति में किया गया।

उपरोक्त कार्यक्रम में एडीएम श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा उपस्थित मरीजों के बीच कहा गया कि इस रोग से भयभीत होने की अब आवश्यकता नहीं है क्योंकि सरकारी स्तर से हर सम्भव सुविधाएं अब उपलब्ध हो चुकी हैं, बस जरूरत है आप सभी को डॉक्टर के दिए गए सुझाव का पालन करना एवं नियमित दवा लेने वह अपने खान पान पर ध्यान देने की। उक्त क्रम में जिला क्षयरोग अधिकारी डाक्टर अनिल कुमार ओझा द्वारा आयोजक ट्रस्ट के उपरोक्त कार्यों की प्रसंशा करते हुए कहा गया कि आपका मरीजों एवं




समाज के हित में किया जा रहा यह कार्य अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणा दायक है, डॉक्टर ओझा द्वारा कहा गया कि सभी के बेहतर स्वास्थ्य हेतु हर ब्लाक में सरकारी स्तर से सुविधा उपलब्ध है, खास कर टीबी मरीजों के लिए अच्छी दवाएं एवं जांच सुविधा जिले में उपलब्ध है, साथ ही बताया कि टीबी मरीजों को अब नवम्बर 2024 से 1000/- प्रति माह उनके खाते में निः क्षय पोषण योजना के तहत पूरे इलाज अवधि तक दिया जाएगा।

कार्यक्रम का मंच संचालन कर रहे क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा उपस्थित जनों के बीच टीबी के समस्त लक्षणों से परिचित कराते हुए कहा गया कि आप सभी दवा सेवन में गैप कदापि न करें और जल्द स्वस्थ होकर समाज में अन्य लोगों को भी इस रोग के संदर्भ में दी गई संपूर्ण जानकारी से परिचित कराते हुए देश के माननीय प्रधानमंत्री के 2025 तक टीबी मुक्त भारत की कल्पना को साकार करने में अपने स्तर से अहम भूमिका निभाते हुए एक सच्चे भारतीय नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं। ट्रस्ट अध्यक्ष श्री विजय कुमार द्वारा कार्यक्रम के दौरान सभी को आस्वस्थ किया गया कि मेरे स्तर से टीबी मरीजों के हित मैं यह बीड़ा 2 मार्च 2024 से उठाया है जिसका पालन ट्रस्ट द्वारा हर माह किया जाता रहेगा, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मेरे ट्रस्ट द्वारा आगामी समय में भी लोगों के हित में रक्तदान करने का कार्य जारी रहेगा। कार्यक्रम में क्षय विभाग से अवध बिहारी कुशवाहा, सावित्री देवी, प्रतिक, आकाश, मनभावन, नीरज के साथ-साथ संतोष यादव ग्राम प्रधान, एवं ट्रस्ट के याकूब मशीह, शिवलाल मौर्य, संतोष कुमार , अरुण पाल, अनीश, कालीचरण, दुर्गा प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## निहाल इलेवन बंडा ने डिफेंस इलेवन कलीनगर को 6 विकेट से किया पराजित

**पीलीभीत।** नगर पंचायत कलीनगर के श्री रामलीला मैदान में चेयरमैन द्वारा आयोजित कलीनगर यूथ क्रिकेट टूनामेंट का चौथे क्वॉटर फाइनल मुकाबले को निहाल इलेवन बंडा ने 6 विकेट से जीता। निहाल इलेवन बंडा ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया।डिफेंस इलेवन कलीनगर के लल्ला रूट 38, अनीश 17, शादाब 12 रनों के सहयोग से 16 वे ओवर में 10 विकेट खोकर 144 रनों का स्कोर खड़ा किया।

बंडा की तरफ से छोटू 5, सचिन 2, दीपांशु, प्रियांशु और बब्बू ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी निहाल इलेवन बंडा के बल्लेबाज छोटू 55, प्रियांशु 24, अमन 17, निशांत 16 और राज 13 रनों की बदौलत 11 वे ओवर में ही 4 विकेट खोकर निर्धारित लक्ष्य हासिल कर के मैच को 6 विकेट से जीता। डिफेंस इलेवन कलीनगर ' गेंदबाज सहजिल, फैजान, अनीश, और अनुभव ने 1-1 सफलता हासिल की।

छोटू 55 रन और 5 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता जो चंद्रप्रकाश यादव



(पूर्व प्रधान) के द्वारा दिया गया। मैच में निखिल सिंह और आकाश पाण्डेय ने निर्णायक, अरविन्द यादव ने कॉमेंटेटर, परीक्षित पाण्डेय ने स्कोरर की भूमिका निभाई। शुक्रवार को टूनामेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला पठान टाइगर्स कलीनगर और के जी एन कलीनगर के बीच खेला जाएगा जिसका लाइव प्रसारण यूट्यूब चैनल पूरनपुर क्रिकेट पर किया जाएगा।

# आयुक्त कार्यालय के सामने पथरहिया मोड़ तक जिलाधिकारी ने वेंडिंग जाने का किया निरीक्षण

**उजाला संचार**

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आयुक्त कार्यालय के सामने से पथरहिया मोड़ तक नगर पालिका द्वारा बनाए गए वेंडिंग जोन व टेम्पो स्टैण्ड का भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान सड़को के किनारे दुकानदारो के द्वारा अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले दुकानदारो को वेंडिंग जोन में तत्काल स्थल आवंटन करने का निदेश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को देते हुए सभी दुकानदारो को निर्देशित किया कि आज ही सांय तक अपनी दुकान को आवंटित वेंडिंग जोन की दुकान पर लगा ले अन्यथा अतिक्रमण हटाओं अभियान के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर द्वारा तत्काल एक-एक दुकान का नाम नोट करते हुए दुकानों को आवंटित किया गया तथा उक्त दुकानों को अपने स्टाफ के द्वारा आवंटित उनके स्थल पर लगवाने का



निर्देश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि तिराहे से ओवरब्रिज के नीचे रेलवे क्रासिंग के नीचे भी सब्जी व फल विक्रेताओं के लिए भी वेंडिंग जोन बनाने का निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर गोवा ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# प्रोफेसर मंशाराम समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश सचिव मनोनीत

**गोंडा।** समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ० एम०पी० सिंह पटेल ने श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो० मंशाराम वर्मा को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री श्यामलाल पाल के अनुमोदन के उपरांत समाजवादी शिक्षक सभा का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है।

दिनांक 9 दिसंबर 2024 को प्रदेश मीडिया प्रभारी, प्रदेश महासचिव डॉक्टर भूपेंद्र मायचा ने नव मनोनीत पदाधिकारियों का पत्र निर्गत किया है। मनोनीत प्रदेश सचिव प्रो० मंशाराम वर्मा अपनी सेवा काल के प्रारंभ से ही शिक्षक हितों के लिए सतत संघर्षशील रहे हैं। शिक्षक हितों के लिए महाविद्यालय स्तर से लेकर विश्वविद्यालय, प्रदेश और देश के शिक्षक संगठनों में जुड़कर सक्रिय प्रतिभागिता करते रहे हैं। प्रो० वर्मा के शिक्षक सभा का प्रदेश सचिव नियुक्त किए जाने पर प्रदेश के अलग-अलग विश्वविद्यालयों के शिक्षक साथियों ने बधाई दी। प्रो० मंशाराम वर्मा के महाविद्यालय में पहुंचने पर महाविद्यालय के शिक्षक साथियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बुके, धर्मेंद्र शुक्ला, प्रो० शिवशरण शुक्ला, प्रो० संजय कुमार पांडेय, प्रो० जयशंकर तिवारी,



अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। प्रमुख रूप से प्रो० राम समुझ सिंह, डॉ० बैजनाथ पाल, डॉ० वी० सीएच०एन०के० श्रीनिवास राव, डॉ० परवेज खान, डॉ० मनीष मोदनवाल, प्रो० अमन चंद्रा, डॉ० शैलेश कुमार, डॉ० अवधेश कुमार वर्मा, डॉ० ओम प्रकाश यादव, डॉ० अभिक सिंह, डॉ०अरुण कुमार वर्मा, डॉ० अच्युत शुक्ला, प्रो० राजीव कुमार अग्रवाल, प्रो० विनोद प्रताप सिंह, डॉ० अशोक कुमार यादव, डॉ० डॉ० रंजन शर्मा, डॉ० शिवराम यादव, डॉ० संत राम पाल, डॉ० संतलाल, डॉ० अनुपम प्रकाश, प्रो० किशुन वीर, प्रो० आशागुप्ता, डॉ० शरद वर्मा, प्रो० ओ०पी० चौधरी, प्रो० विश्वनाथ वर्मा, डॉ० लोहंस कुमार कल्याणी, डॉ० नीरज यादव, प्रो० संदीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ० दिनेश कुमार, डॉ० शशिकांत यादव, राजकुमार माथुर, सतीश दीक्षित सहित प्रदेश के अन्य शिक्षक साथियों ने बधाई दी।

# अंतरजनपदीय गैंग का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

## लूटी गई सम्पत्ति शत-प्रतिशत बरामद

**उतरौला (बलरामपुर)** दिनांक 10.11.2024 को थाना क्षेत्र उतरौला की वादिनी मुकदमा कान्ती देवी उम्र करीब 55 वर्ष पत्नी मुलकराज निवासी ग्राम तिलखी बढ़या थाना कोतवाली उतरौला बलरामपुर, जो अपने धान के खेत की तरफ जा रही थी, से दिन में 12.30 बजे मोटर साइकिल सवार दो बदमाशो ने उनके कान का कुण्डल व जेवरात आदि उक्त बुजुर्ग महिला को चोट पहुंचा कर छीनकर लूट की घटना कारित किया था, जिसके संबंध में थाना कोतवाली उतरौला पर मु0अ0सं0 239/2024 धारा 309(6) बीएनएस का अभियोग तत्काल पंजीकृत किया गया था व दिनांक 08.12.2024 को थाना गैड़ास बुजुर्ग क्षेत्र में महिला को घायल कर कान का कुण्डल छीनने की घटना के संबंध में मु0अ0सं0



130/2024 धारा 309(6), 317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था ।

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा थाना कोतवाली उतरौला अन्तर्गत हुई महिला से लूट की घटना में सलिंप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे थाना कोतवाली उतरौला बलरामपुर के कुशल नेतृत्व में घटना का सफल अनावरण किया गया ।

थाना कोतवाली उतरौला बलरामपुर पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे, उपनिरीक्षक मनीष कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक सुरेश सिंह,कांस्टेबल लक्की यादव,कांस्टेबल उपेन्द्र सिंह, कांस्टेबल विशाल द्विवेदी, कांस्टेबल अरविन्द यादव, कांस्टेबल आशीष विश्वकर्मा, कांस्टेबल अजय कुमार, कांस्टेबल सिकन्दर चौहान, कांस्टेबल नीरज कुमार द्वारा थाना कोतवाली उतरौला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 239/2024 धारा 309(6) बीएनएस से संबंधित प्रकाश में आए अभियुक्तगण आजाद पुत्र कमाल व मोहम्मद नफीस पुत्र मुसई निवासीगण खम्हौवा विशनापुर थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर को उतरौला महुवाधनी से मोहनजोत की तरफ जाने वाली पक्की सड़क के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट के जेवरात बरामद किये गये।

## खेल से बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना होती है जागृतः डीएम

**भदोही।** जिला स्टेडियम मूंसी के ग्राउंड में गुरुवार को दो दिवसीय 9वीं मंडलीय बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएम विशाल सिंह व विशिष्ट अतिथि सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक विंध्याचल मंडल मिजार्पुर शेषबाला ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान बच्चों ने सरस्वती वंदना से अतिथियों का स्वागत गीत से स्वागत किया। कार्यक्रम के सह संयोजक बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि द्वारा झंडारोहण करने के बाद मार्च पास्ट की सलामी ली गई। मंडल के तीनों जनपद की टीमों भदोही, मिजार्पुर व सोनभद्र ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया। डीएम ने उपस्थित समस्त अध्यापकों एवं बच्चों को खेल से संबंधित शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा काबिले तारीफ है। खेल से बच्चों में स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है। वित्त एवं लेखाधिकारी अमन श्रीवास्तव, आशीष कुमार सिंह, अखिलेश यादव, ज्योति कुमारी, धीरज सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर बीईओ मनोज कुमार सिंह, चंद्र शेखर आजाद, यशवंत सिंह, प्रदीप मिश्र, वेद प्रकाश यादव, रविंद कुमार शुक्ला, फरहा रईस, मनोज कुमार उपाध्याय, विनोद कुमार यादव, अनवर हुसैन, रविकांत द्विवेदी, समरजीत यादव, दिलीप सिंह, शिवाकांत यादव, सूर्यकांत मौर्य, योगेंद्र बहादुर सिंह, सभाजीत, राजकमल, प्रतीक मालवीय, अरुण मंडल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

# अपराधियों को संरक्षण दे रही है भाजपा की सरकारः राम आसरे विश्वकर्मा

## सपा के राष्ट्रीय सचिव राम आसरे विश्वकर्मा पीड़ित परिवार से मुलाकात करने पहुंचे रणई याकूबपुर गांव

**भदोही।** प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय सचिव राम आसरे विश्वकर्मा गुरुवार को भदोही पहुंचे। वे क्षेत्र के रणई याकूबपुर गांव में गए। जहां पर 5 दिन से गायब एक नाबालिग का शव 29 नवंबर को बरामद किया गया था। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना के संबंध में जानकारी ली गई।



पूर्व मंत्री नगर के अजीमुल्लाह चौराहे पर स्थित समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष बाल विद्या विकास यादव के आवास पर पहुंचे। जहां पर उनके द्वारा पत्रकारों से बातचीत की गई। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि घटना में पुलिस फेलियर साबित हुई है। 24 नवंबर को नाबालिग गायब होती है। 25 नवंबर को परिजनों द्वारा पुलिस से शिकायत की गई। 26 नवंबर को एफआईआर दर्ज कर पुलिस सो गई। नतीजा 29 नवंबर को नाबालिग का शव बरामद किया जाता है। अगर उस बीच पुलिस सक्रिय हो जाती तो नाबालिग को बरामद किया जा सकता था। लेकिन घटना के इतने दिनों बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे यह प्रतीत होता है कि पुलिस अपराधियों को बचाने में लगी हुई है।

## सीओ सिटी ने कार्य दिवस पर गंभीरता से कार्रवाई करने पर दिया बल

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकार नगर गौरव कुमार शर्मा ने जनसुनवाई मामले को लेकर प्रत्येक कार्य दिवस पर गंभीरता से कार्रवाई करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं का उत्पीड़न, गौ तस्करी, शराब तस्करी आदि अपराध किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।श्री शर्मा ने कहा कि प्रत्येक दिन की सुनवाई करते जो भी सही मामला हो उसी पर करवाई की जाएगी गलत प्रार्थना पत्र देने वाले प्रार्थी के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी,जनता के सेवा में 24 घंटे हमारी पुलिस लगी है।

आप सभी लोग पुलिस का सहयोग करें तभी शांति एकता बनी रहेगी। श्री शर्मा ने कहा ठंड का मौसम आ गया है इसमें सतर्क रहने की आवश्यकता है कोहरे के आड़ में छोटे-मोटे अपराध होते हैं वह नहीं होना चाहिए। आप सतर्क रहेंगे तो कोई भी घटना नहीं होगी। श्री शर्मा ने कहा कि जिस घर में रहते हैं शाम और विशेषकर रात में अनावश्यक दरवाजा न खोले, शाम होने से पहले अपने घरों को चेक कर लें फिर बड़े फाटक को चेक करें संतुष्टि के बाद दरवाजे को बंद करें इसके बाद भी कुछ बातें ऐसी हैं जिसमें आपको लगता है कि यह व्यक्ति अपरिचित है तो हां आप सोचिए मत तुरंत 112 पर कॉल करें ताकि मौके पर पुलिस आकर आपकी समस्या का समाधान करें, दो चक्का वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें ,गाड़ी हाई स्पीड में ना चलायें,शराब पीकर गाड़ी ना चलाएं,अपकी जिंदगी कीमती है, आपने और अपने परिवार के खुशहाली के लिए यातायात नियमों का पालन करें।

# उ.प्र. महिला आयोग की सदस्या प्रतिभा कुशवाहा ने बैठक कर संबंधित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

## महिला जनसुनवाई एवं इसके लिए हुई समीक्षा बैठक

**भदोही।** उ.प्र.राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाह की अध्यक्षता में गुरुवार को मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक की गई। उन्होंने सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




इस दौरान श्रीमती कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाए। महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के उद्देश्य से महिला जनसुनवाई के कार्यक्रम आयोजन किए जाएं। उनके समक्ष 28 शिकायतें घरेलू हिंसा व पारिवारिक समस्या, महिला उत्पीड़न की प्राप्त हुई। जिसमें से 3 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तुरंत कर दिया गया एवं शेष प्रार्थना पत्र संबंधित आधिकारी को प्रेषित किया गया। उन्होंने पुलिस को त्वरित गति से कार्य करने के निर्देश दिए। कहा कि पुलिस से संबंधित जो मामले है। उनकी जांच कर उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

श्रीमती कुशवाहा ने कहा कि किसी भी विभाग में महिला संबंधित मामला लंबित नहीं रहना चाहिए जो नियमानुसार है। वह कार्रवाई अवश्य किया जाए।

# तीसरा वनडे : स्मृति का शतक बेकार गया

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 3-0 से क्लीन स्वीप किया

**पर्थ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ओपनिंग बल्लेबाज स्मृति मंधाना की 9वीं वनडे सेंचुरी मेजबान



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया की हार को नहीं टाल सकी। ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड के शानदार 110 रन एश्ले गार्डनर के 30 रन देकर 5 विकेट के दम पर ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने बुधवार को भारतीय टीम को क्लीन स्वीप करते हुए 3-0 से सीरीज जीत ली।

पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉर्जिया पोल और फोएबे लिचफील्ड के बीच बनी 58 रनों की साझेदारी को भारत की अरुणधती रेड्डी ने तोड़ा जिन्होंने इन दोनों के अलावा एलिस पेरी और बेथ मूनी के विकेट हासिल करते हुए 27 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। यह उनके करियर का बेस्ट प्रदर्शन है।

हालांकि उनको बाकी गेंदबाजों से भरपूर सहयोग नहीं मिला। एनाबेल का कैच 12 रनों के निजी स्कोर पर ड्रॉप कर दिया गया। बाद में उन्होंने 95 गेंदों पर 110 रनों की पारी खेली और 9 चौके व 4 छक्के लगाए। वह एक गेंद शेष रहते हुए आउट हुईं और ऑस्ट्रेलियाई टीम ने निर्धारित 50 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 298 रनों का स्कोर खड़ा किया।

# गाबा टेस्ट वह जगह है जहां स्मिथ, ख्वाजा फॉर्म हासिल करना चाहेंगे : कैटिच

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर साइमन कैटिच अपने निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद अनुभवी बल्लेबाजों उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ के फॉर्म को लेकर आशावादी हैं और उन्होंने भरोसा जताया कि ब्रिसबेन में शनिवार से शुरू होने वाला गाबा टेस्ट इस जोड़ी को बड़ा स्कोर बनाने का मौका दे सकता है।

दोनों खिलाड़ियों ने सीरीज में अब तक संघर्ष किया है, ख्वाजा ने चार पारियों में 8, 4, 13 और नाबाद 9 रन बनाए हैं और स्मिथ ने सिर्फ 0, 17 और 2 रन बनाए हैं। लेकिन, कैटिच ने पर्थ में दूसरी पारी में स्मिथ और एडिलेड में पहली पारी में ख्वाजा से संकेत पाया कि दोनों ने थोड़ा सा टच हासिल किया है, लेकिन इसे महत्वपूर्ण रन में नहीं बदल पाए हैं।



कैटिच ने एसईएन मॉर्निंग्स पर कहा, ₹मुझे लगता है कि एडिलेड में पहली पारी में उजी ने अच्छा प्रदर्शन किया। उस रात कठिन परिस्थितियां थीं और मुझे लगा कि उन्होंने और युवा मैकस्वीनी ने ऑस्ट्रेलिया को स्टंप्स तक मात्र एक विकेट गिरने में अच्छा काम किया। हालांकि उन्हें केवल 13 रन मिले, लेकिन उन्होंने शुरूआत में जितनी गेंदों का सामना किया, वह काबिले तारीफ थी... फिर उन्होंने दूसरी पारी में थोड़ा पीछा करते हुए अपना काम पूरा किया।₹ ₹स्मिथ के साथ, पर्थ में, वह दूसरी पारी में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, 17 रन पर आउट हो गए और एक अच्छी गेंद खेली, लेकिन ऐसा लग रहा था कि वह बहुत अच्छी तरह से आगे बढ़ रहे थे और ऐसा लग रहा था कि वह रन बनाने की कोशिश करने के लिए अच्छे इरादे से खेल रहे थे। इस समय उन्हें समझ पाना मुश्किल था क्योंकि नई गेंद के खिलाफ दोनों विकेट शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लिए मुश्किल काम रहे थे।

उन्होंने कहा, ₹उम्मीद है कि अगर गाबा में हमें पहले की तरह अच्छी परिस्थितियां देखने को मिलेंगी, तो बल्लेबाजी किसी समय बहुत अच्छी होगी, ताकि खिलाड़ी आगे बढ़कर बड़ा स्कोर बना सकें।

# एसए20 में दिनेश कार्तिक के बाद और भारतीय खिलाड़ियों के भी खेलने की उम्मीद : जैक कैलिस

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के महान ऑलराउंडर जैक कैलिस ने कहा कि दिनेश कार्तिक का एसए20 टूनार्मेंट के तीसरे सीजन में खेलना इस बात की शुरूआत हो सकती है कि भविष्य में और भी भारतीय खिलाड़ी इस छह टीमों वाली लीग में हिस्सा लें।

दिनेश कार्तिक ने इस साल आईपीएल और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह एसए20 में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनेंगे। वह 9 जनवरी 2025 से शुरू होने वाले तीसरे सीजन में पार्ल रॉयल्स टीम का हिस्सा होंगे।

जैक कैलिस एसए20 के ब्रांड एंबेसडर हैं। दिग्गज ऑलराउंडर ने आईएएनएस के साथ एक वर्चुअल बातचीत में कहा, ₹यह बहुत शानदार है कि भारत के बेहतरीन खिलाड़ी इस लीग में आ रहे हैं। भारतीय खिलाड़ियों को आमतौर पर दुनियाभर की लीग में खेलने की इजाजत नहीं मिलती थी। उम्मीद है, यह शुरूआत है। आगे और भी भारतीय खिलाड़ी यहां खेलेंगे।₹

कैलिस ने आगे कहा, ₹लोग भारतीय क्रिकेटरों को खेलते देखना बहुत पसंद करते हैं, खासकर आईपीएल में। दिनेश कार्तिक को लाइव खेलते देखना फैंस के लिए रोमांचक होगा।₹

कैलिस पहले दो सीजन में प्रिटोरिया कैपिटल्स के असिस्टेंट कोच रहे। उनका मानना है कि तीसरा सीजन फैंस के बीच और भी ज्यादा लोकप्रिय होगा।

उन्होंने कहा, ₹हर सीजन में कोशिश की गई है कि बेहतर विदेशी खिलाड़ी लाए जाएं।

# एडिलेड की हार से सबक लेंगे रोहित शर्मा, गाबा टेस्ट के लिए बदलेंगे बैटिंग ऑर्डर

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ब्रिसबेन के गाबा मैदान पर 14 दिसंबर से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में एक बार फिर से पारी का आगाज करते हुए दिख सकते हैं। रोहित शर्मा सीरीज का पहला टेस्ट नहीं खेल पाए थे, जहां उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह ने कप्तानी की थी और केएल राहुल ने पारी का आगाज किया था। पर्थ टेस्ट में केएल राहुल ने जिस तरह से बैटिंग की, एडिलेड में खेले गए डे-नाइट टेस्ट मैच के लए उन्हें फिर से ओपन करने का मौका मिला, जबकि टीम में कप्तान रोहित शर्मा वापसी करने के बाद मिडिल ऑर्डर में उतरे।



ब्रिसबेन टेस्ट की तैयारियों में टीम इंडिया जुटी हुई है और इस दौरान रोहित को नेट्स में नई गेंद सै प्रैक्टिस करते हुए देखा गया, जिसके बाद से ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि ब्रिसबेन में रोहित ही यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज कर सकते हैं।

रोहित ने भारत की ओर से कुल 65 ही टेस्ट मैच खेले हैं और इस दौरान उनके खाते में 4279 रन दर्ज हैं। रोहित कुल 12 टेस्ट शतक लगा चुके हैं। ओपनिंग की बात करें तो रोहित ने 42 टेस्ट मैचों में पारी का आगाज किया है और इस दौरान उनका औसत करीब 44 रहा है, वहीं नंबर 6 पर उनका औसत करीब 50 का रहा है। नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हुए रोहित ने तीन दशक लगाए हैं, जबकि ओपन करते हुए उनके खाते में 9 टेस्ट शतक दर्ज हैं।

# आईसीसी ने भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के लिए सनी ढिल्लों पर लगाया 6 साल का प्रतिबंध

**दुबई।** भ्रष्टाचार रोधी न्यायाधिकरण द्वारा अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद, एक फ्रेंचाइजी टीम के पूर्व सहायक कोच सनी ढिल्लों पर छह साल के लिए सभी तरह के क्रिकेट से प्रतिबंध लगा दिया गया है, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को इसकी घोषणा की।

ढिल्लों उन आठ लोगों में शामिल थे जिन पर पिछले साल संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था। ये आरोप 2021 अबू धाबी टी10 क्रिकेट लीग और उस टूनार्मेंट में मैचों को भ्रष्ट करने के प्रयासों से संबंधित हैं, जिन्हें आईसीसी , टूनार्मेंट के लिए ईसीबी की संहिता के लिए नामित भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी (डीएसीओ) द्वारा बाधित किया गया था। पूरी सुनवाई और लिखित और मौखिक दलीलों की प्रस्तुति के बाद, न्यायाधिकरण ने ढिल्लों को दोषी पायाः

अनुच्छेद 2.1.1 - अबू धाबी टी10 2021 में मैचों या मैचों के पहलुओं को ठीक करने, उनका निर्माण करने या अनुचित तरीके से प्रभावित करने के प्रयास में भागीदार होना। अनुच्छेद 2.4.4 - संहिता के तहत भ्रष्ट आचरण में शामिल होने के लिए प्राप्त किसी भी संपर्क या निमंत्रण के बारे में डीएसीओ को पूरी जानकारी देने में विफल होना। अनुच्छेद 2.4.6 - संहिता के तहत संभावित भ्रष्ट आचरण के संबंध में डीएसीओ द्वारा की गई किसी भी जांच में सहयोग करने में विफल होना या इनकार करना। प्रतिबंध 13 सितंबर, 2023 से लागू होगा, जब ढिल्लों को अंतिम रूप से निलंबित किया गया था।

# साउथ अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी ने रोहित शर्मा की फिटनेस पर उठाए सवाल

पहले घर में न्यूजीलैंड के खिला टेस्ट सीरीज और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड टेस्ट गंवाने के बाद कप्तान रोहित शर्मा हर किसी के निशाने पर हैं। वह लंबे समय से फॉर्म से बाहर चल रहे हैं, इसी बीच साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर डेरिल कलिनन ने उन पर हमला बोला है। कलिनन ने उन्हें ज्यादा वजन वाला औ फ्लैट ट्रैक वाला क्रिकेटर करार दिया है। रोहित शर्मा का प्रदर्शन चिंता का विषय बना हुआ है, वह एडिलेड की दोनों पारियों में कुछ नहीं कर पाए। रोहित ने इस मैच में खुद को नंबर-6 पर डिमोट किया था, लेकिन इससे उन्हें और टीमों दोनों को नुकसान हुआ। दरअसल, डेरिल कलिनन ने रोहित शर्मा के फिटनेस स्तर की आलोचना की



और उन्हें बड़ी टेस्ट सीरीज के लिए अयोग्य करार दिया है। कलिन ने इनसाइडस्पोर्ट से कहा कि, रोहित को देखिए, फिर विराट को। उनकी फिजिकल कंडीशन में अंतर देखिए। रोहित का वजन ज्यादा है और वह लंबे समय तक खेलने वाले क्रिकेटर नहीं हैं। रोहित चार या पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलने के लिए अच्छी शारीरिक स्थिति में नहीं हैं।

रोहित ने 2024 की शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद से केवल एक टेस्ट में अर्धशतक जड़ा है। वह सबसे रेड बॉल क्रिकेट में अपनी पिछली 12 पारियों में से 8 में दहाई का आंकड़ा छूने में फेल हुए हैं।

## रामायण के लिए शाकाहारी बनने की अफवाहों पर साईं पल्लवी भड़कीं

साउथ स्टार साईं पल्लवी नितेश तिवारी की महत्वाकांक्षी परियोजना रामायण में सीता की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में हैं। हाल ही में सनी देओल ने भी पुष्टि की कि वह फिल्म का हिस्सा हैं। वह भगवान हनुमान की भूमिका में नजर आने वाले हैं। साईं पल्लवी की बात करें तो वह रणबीर के साथ मां सीता के रूप में नजर आएंगी और उनके लुक को दिखाने



वाली कुछ तस्वीरें भी वायरल हुई थीं। फिल्म को लेकर कई तरह की अफवाहें और रिपोर्ट इंटरनेट पर घूम रही हैं। साईं पल्लवी के बारे में हाल ही में एक अफवाह यह थी कि अभिनेत्री ने रामायण के लिए नॉन-वेज खाना छोड़ दिया है और शाकाहारी बन गई हैं। एक तमिल दैनिक ने यह भी सुझाव दिया कि अभिनेत्री रसोइयों की एक टीम के साथ यात्रा करती हैं जो उनके लिए शाकाहारी भोजन बनाते हैं। हालांकि, साईं पल्लवी ने अब सोशल मीडिया पर अपने बारे में सभी अफवाहों को खारिज करते हुए एक गुस्से भरा पोस्ट किया है। एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर साईं पल्लवी ने एक कठोर नोट लिखा जिसमें कहा गया कि वह आम तौर पर बेबुनियाद अफवाहों पर चुप रहती हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि वह इस पर प्रतिक्रिया दें। उन्होंने कहा कि ऐसा लगातार होता रहता है और खास तौर पर फिल्म रिलीज और घोषणाओं के समय। उन्होंने मीडिया आउटलेट्स को चेतावनी दी कि अगर और भी 'गढ़ी हुई घटिया कहानी' प्रकाशित की गई तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनका पोस्ट मनोरंजन समाचारों में वायरल है। साई पल्लवी हाल ही में अमरन में नजर आई थीं। उन्होंने फिल्म में सिंधु की भूमिका निभाई थी। इस बायोग्राफिकल ड्रामा में शिवकार्तिकेयन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। दोनों सितारों को उनके स्वाभाविक अभिनय के लिए काफी सराहना मिली। इसके बाद वह नागा चैतन्य के साथ थंडेल में नजर आएंगी।

## रजत दलाल की वजह से करन वीर मेहरा घायल

बिग बॉस 18ः इस हफ़्ते अविनाश मिश्रा टाइम गॉड हैं। बिग बॉस 18 के कल के एपिसोड में हमने देखा कि टाइम गॉड बनने की आखिरी रेस अविनाश मिश्रा और चुम दरंग के बीच थी। हालांकि, रजत दलाल ने एक घिनौनी चाल चली और चुम को रेस से बाहर कर दिया। कोई भी उनके फैसले से खुश नहीं था। सभी चीख-चीख कर रहे थे। यहां तक कि अविनाश भी अपनी जीत का लुत्फ नहीं उठा पाए क्योंकि उन्हें लगा कि उन्होंने अपनी योग्यता के दम पर जीत हासिल नहीं की है। लेकिन चूंकि वे टाइम गॉड हैं, इसलिए अब उनके पास लोगों को नॉमिनेशन से बचाने का मौका होगा। बिग बॉस 18 के नए प्रोमो में हम देख सकते हैं कि कंटेस्टेंट नॉमिनेशन टास्क में शामिल हो रहे हैं। टास्क दरअसल नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट को नॉमिनेशन से खुद को बचाने का मौका देने के बारे में है। करण वीर मेहरा, चाहत पांडे, विवियन डीसेना, दिग्विजय राठी, तजिंदर बग्गा और एडिन रोज नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट हैं। वीडियो को देखकर ऐसा लग रहा है कि इस टास्क में दूसरे कंटेस्टेंट भी हिस्सा ले सकते हैं। टास्क के दौरान रजत दलाल और करण वीर मेहरा के बीच लड़ाई हो जाती है। टास्क करते समय रजत के कारण करण वीर मेहरा घायल हो जाता है और दोनों के बीच कहासुनी हो जाती है।

# कपूर खानदान ने की पीएम मोदी से मुलाकात

## करीना ने तैमूर और जेह के लिए लिया ऑटोग्राफ

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा जगत के ग्रेट शो मैन राज कपूर की 100वीं जयंती का जश्न जबरदस्त होगा। कपूर फैमिली पूरी आन बान शान से उत्सव की तैयारी में जुटी है। परिवार ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी न्योता दिया है। खुशी का इजहार पूरे परिवार ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किया है। करीना कपूर ने तो तस्वीरों की श्रृंखला के साथ वो क्लिप भी शेयर किया जिसमें पीएम मोदी उनके बच्चों टिम और जेह को ऑटोग्राफ दे रहे हैं।

करीना कपूर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर पीएम के साथ मुलाकात करने पहुंची कपूर फैमिली की तस्वीर साझा कर कैप्शन में लिखा, ₹हम अपने दादा और ग्रेट अभिनेता राज कपूर के असाधारण जीवन और विरासत के जश्न को मनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निमंत्रित किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इस खास दोपहर के लिए मोदी जी का धन्यवाद।₹

₹इस मील के पत्थर को मनाने में आपकी गर्मजोशी, अटेंशन और समर्थन हमारे लिए बहुत मायने रखता है। जैसा कि हम दादाजी की कलात्मकता और भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के शानदार 100 वर्षों का जश्न मनाने



जा रहे हैं। हम उनकी विरासत का सम्मान करते हैं, जो हमें और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। हमें उनकी शानदार फिल्मों और राज कपूर 100 फिल्म फेस्टिवल के साथ भारतीय सिनेमा पर उनके प्रभाव पर गर्व है।₹ इसके साथ अभिनेत्री ने 13-15 दिसंबर, 2024 , 10 फिल्में , 40 शहर, 135 सिनेमाघर के साथ राज कपूर के 100 साल लिखा। करीना ने इंस्टाग्राम पर पीएम मोदी के साथ पोज देते हुए कपूर परिवार की तस्वीर साझा की। पीएम मोदी के साथ साझा की गई तस्वीर में करीना के साथ करिश्मा कपूर, नीतू सिंह, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, रिद्धिमा कपूर, सैफ अली खान के साथ अन्य सदस्य नजर आए। एक अन्य तस्वीर में करीना कपूर और करिश्मा कपूर पीएम से ऑटोग्राफ लेती नजर आईं। अन्य तस्वीरों में पीएम मोदी, सैफ अली, रणबीर, नीतू, आलिया और करीना से बात करते दिखाई दे दिए। दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर और करिश्मा कपूर ने भी पीएम मोदी के साथ तस्वीर पोस्ट की। राज कपूर की 100वीं जयंती के मौके पर उनकी सफल और शानदार फिल्में दिखाई जाएंगी। इन फिल्मों में 'आग' (1948), 'बरसात' (1949), 'आवारा' (1951), 'श्री 420' (1955), 'जागते रहो' (1956), 'जिस देश में गंगा बहती है' (1960), 'संगम' (1964), 'मेरा नाम जोकर' (1970), 'बॉबी' (1973) 'राम तेरी गंगा मैली' (1985) शामिल हैं। इन फिल्मों को 13 दिसंबर से 15 दिसंबर तक भारत के 40 शहरों और 135 सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा।

# वरुण धवन ने कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर के झगड़े का किया जिक्र

**मुंबई।** अपनी अपकमिंग फिल्म 'बेबी जॉन' के लिए तैयारी कर रहे बॉलीवुड स्टार वरुण धवन हाल ही में स्ट्रीमिंग स्केच कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में शामिल हुए और शो में उन्होंने सभी का जमकर मनोरंजन किया। एपिसोड के दौरान, वरुण ने शो के होस्ट कपिल शर्मा की खिंचाई की। उन्होंने कपिल और उनके साथी कॉमेडियन-अभिनेता सुनील ग्रोवर के बीच हुए झगड़े का जिक्र किया। सीरीज के हाल ही में रिलीज हुए प्रोमो में सुनील वरुण से कहते हुए नजर आ रहे हैं, तुम बिल्कुल असली बेबी जॉन जैसे दिखते हो।₹ कपिल ने भी सुनील से कहा, तुम डुप्लीकेट हो। यहां बाकी सभी असली हैं।" वरुण ने कहा, मुझे एक बात समझ नहीं आती। जब भी तुम एयरपोर्ट पर होते हो, तो हमेशा लड़ते क्यों हो?



साल 2017 में कपिल शर्मा का सुनील ग्रोवर और चंदन प्रभाकर के साथ उस समय बुरी तरह झगड़ा हुआ था, जब वे मेलबर्न से वापस फ्लाइट में थे। कपिल ने कथित तौर पर सुनील ग्रोवर को गाली दी थी।

नतीजतन, सुनील ने द कपिल शर्मा शो में वापस नहीं आने का फैसला किया। कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर के झगड़े से पहले, दोनों ने कॉमेडी नाइट्स विद कपिल और द कपिल शर्मा शो जैसे हिट प्रोजेक्ट्स पर साथ काम किया था।

इस एपिसोड के दौरान वरुण ने पोल डांस भी किया। इसे देखकर निर्देशक-निमार्ता एटली ने कहा, ₹मैंने लड़कों को पोल डांस करते नहीं देखा।

# जो नुकसान हुआ है, उसे कभी मिटाया नहीं जा सकता

अनुपमा की अभिनेत्री रूपाली गांगुली, जो राजन शाही के लोकप्रिय शो में अनु की भूमिका निभाती हैं, अपनी सौतेली बेटी ईशा वर्मा द्वारा उन पर विषाक्त होने का आरोप लगाने के बाद चर्चा में हैं। हाल ही में, ईशा वर्मा ने विवाद पर अभिनेत्री की हालिया टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर बात की और बताया कि कैसे प्रसिद्धि और धन वाले प्रभावशाली लोग सच्चाई को छिपाते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि ये बुरे उदाहरण जोड़ते हैं।

11 दिसंबर को, ईशा वर्मा ने रूपाली गांगुली की वकील सना रईस खान द्वारा उन्हें मानहानि का नोटिस भेजे जाने के बाद अपनी पहली पोस्ट की। उन्होंने लिखा, 'प्रसिद्धि, पैसा और शक्ति, कुछ समय के लिए सच्चाई को छिपा सकते हैं, लेकिन वे कभी भी



नुकसान को मिटा नहीं सकते'।

ईशा ने लिखा कि चरित्र इस बारे में नहीं है कि कोई क्या कहता है, बल्कि यह है कि कोई क्या करता है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे कार्य चरित्र को परिभाषित करते हैं और सच्ची ईमानदारी जवाबदेही और बदलाव से आती है। उन्होंने बताया कि कैसे कर्म और ब्रह्मांड संतुलन बनाते हैं।

ईशा ने एक और पोस्ट शेयर की जिसमें उन्होंने परोक्ष रूप से अनुपमा स्टार रूपाली गांगुली को निशाने पर लिया। उन्होंने लिखा, 'हम क्या उदाहरण पेश कर रहे हैं... खास तौर पर प्रभावशाली स्थिति में मौजूद वयस्क- बच्चों और आने वाली पीढ़ियों के लिए जब स्वार्थी काम निजी लाभ के लिए दूसरों को नुकसान पहुंचाते हैं?'

## सुनील पाल के बाद अभिनेता मुश्ताक खान ने किया किडनैपिंग का दावा

मुंबई। पहले हास्य अभिनेता सुनील पाल के किडनैप की खबरें आईं। उनका मामला सुलझता इससे पहले वेलकम फिल्म के अभिनेता मुश्ताक खान ने भी अपनी किडनैपिंग का दावा किया है। अभिनेता ने बताया कि उनका अपहरण दिल्ली-मेरठ हाईवे से किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह घटना 20 नवंबर को हुई, जब मुश्ताक खान को मेरठ में एक पुरस्कार समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। अपहरणकर्ताओं ने अभिनेता को फंसाने के लिए एक कार्यक्रम में आमंत्रित किया और उनकी फ्लाइट टिकट की व्यवस्था करने के साथ-साथ उनके खाते में अग्रिम भुगतान भी ट्रांसफर कर दिया। अभिनेता के मुताबिक, जब वह दिल्ली-मेरठ हाईवे पर पहुंचे, तो अपहरणकर्ताओं ने उन्हें अगवा कर लिया और बिजनौर के पास एक सुनसान इलाके में ले गए। वहां उन्हें करीब 12 घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया। अपहरणकर्ताओं ने अभिनेता और उनके बेटे के बैंक खाते से 2 लाख रुपये निकालने के बाद 1 करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की। मुश्ताक खान ने बताया कि उनका बच निकलने का तरीका बिल्कुल फिल्मी था। पास में एक मस्जिद होने के कारण, उन्होंने सुबह की अजान सुनी और उसी मौके का फायदा उठाते हुए वहां से भागने में सफल रहे। स्थानीय लोगों से मदद लेकर वह घर पहुंचने में कामयाब हुए। इसके बाद, वह पुलिस के पास गए और सारा मामला समझाकर उनसे मदद मांगी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। मुश्ताक खान की हालत अब ठीक है, और वह जल्द ही मीडिया से बात कर इस घटना के बारे में विस्तृत जानकारी देंगे।

## राजस्थान के दौसा में बोरवेल में गिरे बच्चे को बचाने के प्रयास जारी

जयपुर। राजस्थान के दौसा जिले में बोरवेल में गिरे पांच साल के बच्चे को बचाने का अभियान बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। अधिकारियों ने बताया कि बच्चा बोरवेल में सोमवार करीब तीन बजे से 150 फुट की गहराई पर फंसा हुआ है और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने बचाव अभियान के तहत बोरवेल के समानांतर जमीन खोदी है। एनडीआरएफ के कमांडेंट योगेश कुमार ने बताया कि 'ड्रिलिंग' मशीनों से 110 फुट तक खुदाई की जा चुकी है और काम जारी है। उन्होंने कहा, फिर हम क्षैतिज रूप से बोरवेल में बच्चे के पास पहुंचेंगे। उन्होंने कहा, चुनौती यह है कि हम 150 फुट तक जा सकते हैं, उससे आगे नहीं। एनडीआरएफ बचावकर्मी बच्चे को बचाने के लिए सुरक्षात्मक उपकरणों के साथ नीचे जाएंगे। कमांडेंट ने बताया कि इलाके में 160 फुट पर पानी हो सकता है इसलिए इलाके में सबमर्सिबल पंप शुरू कर दिए गए हैं, ताकि बचाव अभियान में भूमिगत जल से कोई बाधा न हो। उन्होंने बताया कि जमीन के अंदर भाप होने के कारण टीम को बोरवेल में उतारे गए कैमरे से बच्चे की गतिविधियां पता लगाने में दिक्कत आ रही है। उन्होंने कहा कि ड्रिलिंग मशीनों ने 110 फीट तक खुदाई की है और योजना 150 फुट की गहराई तक जाने की है जहां बच्चा फंसा हुआ है। दौसा जिले के पापडदा थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर पांच वर्षीय आर्यन कालीखाड़ गांव में एक कृषि क्षेत्र में खेलते समय खुले बोरवेल में गिर गया था।

## पति का कर्ज चुकाने पत्नी ने कलेजे के टुकड़े को बेच दिया

**-डेढ़ लाख में एक माह के नवजात को बेचा**

नई दिल्ली। कर्नाटक के रामनगर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां एक महिला ने अपने 30 दिन के नवजात बेटे को डेढ़ लाख रुपये में महज इसलिए बेच दिया, ताकि पति का कर्ज चुका सके। घटना के संबंध में बतलाया गया है कि महिला के पति ने पहले पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उनका बेटा घर से लापता है और उन्हें उसके गायब होने में अपनी पत्नी पर ही शक है। पति की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की और पता चला कि महिला ने अपने नवजात बेटे को बेंगलुरु की एक महिला को बेचा था। महिला और उसके पति दोनों दिहाड़ी मजदूर थे और पांच बच्चों के साथ बेहद कठिन आर्थिक स्थिति का सामना कर रहे थे, जिस कारण उन पर तीन लाख रुपये से ज्यादा का कर्ज था। महिला के पति ने पहले ही अपने नवजात को बेचने का प्रस्ताव ठुकरा दिया था, लेकिन महिला ने अपने दो सहयोगियों की मदद से बच्चे को बेंगलुरु में एक महिला को बेच दिया। 5 दिसंबर को जब महिला का पति घर लौटा, तो उसने देखा कि बच्चा गायब था। पत्नी ने बताया कि बच्चे को स्वास्थ्य समस्याएं थीं और उसे डॉक्टर के पास भेजा गया था। हालांकि, जब उसने और अधिक जानकारी मांगी तो पत्नी का जवाब संदेहास्पद था, जिससे पति को शक हुआ। इस पर 7 दिसंबर को पति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जब पुलिस ने महिला से पूछताछ की तो उसने पहले तो गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन गहन पूछताछ के बाद उसने स्वीकार किया कि उसने अपने बेटे को डेढ़ लाख रुपये में बेचा था। पुलिस ने तुरंत बेंगलुरु जाकर बच्चे को बरामद किया। पुलिस ने महिला, उसके दो सहयोगियों और बच्चे की खरीदी करने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया है। बच्चे को बचाकर मंड्या के बाल कल्याण केंद्र भेज दिया गया है।

## जब जज ने ही जमानत के लिए पांच लाख रुपये की रिश्वत ली !

मुंबई। न्यायपालिका से न्याय मिलने की एक बड़ी उम्मीद आम लोगों को रहती है और कई ऐसे मामले सामने आए हैं जब लोगों को न्यायपालिका से ही न्याय मिला है। लेकिन इन दिनों न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की जड़े जमने की खबर भी गाहे बगाहे सामने आती रहती है। शायद यही वजह है कि जनता का विश्वास न्यायपालिका को लेकर डगमगाने लगा है। जी हाँ, जब न्याय करने वाले जज ही पैसे लेकर न्याय देंगे तो सोचिये स्थिति कैसी आ जाएगी। दरअसल रिश्वत लेने की घटना महाराष्ट्र के सतारा में घटी है। खबर है कि जज ने जमानत देने के लिए 5 लाख रुपये की रिश्वत ली। इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक विभाग (एंटी करप्शन) ने सतारा जिला न्यायलय के जज के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जज को गिरफ्तार करने के लिए हाईकोर्ट को पत्र भेजा गया है और हाईकोर्ट के आदेश के बाद ही जज को गिरफ्तार किया जाएगा। खबर है कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनंजय निकम समेत तीन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक जज ने शिकायतकर्ता के पिता को जमानत देने के लिए सीधे रिश्वत मांगी।

# डांटने और धमकाने का काम कर रहे धनखड़

**-खड़गे ने प्रेस वार्ता में सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के कारण गिनाए**




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को प्रेस वार्ता में राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के कारण गिनाए। उन्होंने कहा कि मजबूर होना पड़ा, क्योंकि उनके आचरण ने राष्ट्र के गौरव को हानि पहुंचाई है।

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सदन में विपक्ष की आवाज को दबाया जाता है। सभापति तो राजनीति से परे होते हैं, लेकिन यहां वो आरएसएस की तारीफ करते हैं। सभापति को पूरी तरह से निष्पक्ष होना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने का मकसद व्यक्तिगत शिकायतें या राजनीतिक लड़ाई से जुड़ा नहीं है। वहीं मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राज्यसभा अध्यक्ष स्कूल के प्रधानाध्यापक की तरह डांटते हुए काम करते हैं, वरिष्ठ अनुभवी विपक्षी नेताओं को वे उपदेश देते हैं, उन्हें बोलने से रोक देते हैं। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में व्यवधान का सबसे बड़ा कारण तो स्वंय अध्यक्ष हैं। वे सभापति कम और सरकार के प्रवक्ता के रूप में ज्यादा काम कर रहे हैं।

इसी के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सदन में राज्यसभा अध्यक्ष के आचरण ने देश की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। हम व्यक्तिगत तौर पर राज्यसभा अध्यक्ष के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि उन्होंने खुद ही हमें उन्हें हटाने के लिए नोटिस देने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा है। हम सभापति के व्यवहार और पक्षपात पूर्ण रवैये से तंग आ चुके हैं, इसीलिए उन्हें हटाने के लिए हमने नोटिस दिया हुआ है। कुल मिलाकर उन्होंने कहा कि धनखड़ का आचरण उनके संवैधानिक दायित्वों और उपराष्ट्रपति पद की गरिमा के खिलाफ रहा है। उन्होंने कहा कि धनखड़ ने अपने पद का उपयोग सत्तारूढ़ दल की नीतियों की प्रशंसा करने और विपक्ष को दबाने के लिए किया है। खड़गे ने कहा, एक संवैधानिक पद पर रहते हुए धनखड़ ने तटस्थता को दरकिनार कर, सरकार के प्रवक्ता जैसा व्यवहार किया है। विपक्ष के नेताओं को अपमानित करना और उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करना लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है।


## दुखी मन से लाए अविश्वास प्रस्ताव......

**-प्रमोद तिवारी ने कहा विपक्ष को चुप कराया जा रहा**

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, कि भारी मन और बड़े दुख के साथ हम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 67 बी के तहत यह अविश्वास प्रस्ताव को पेश करने के लिए बाध्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह महज मौजूदा एक सत्र की बात नहीं, बल्कि कई सत्रों से ऐसा चल रहा है। हमने देखा है कि विपक्ष के नेताओं को बोलने ही नहीं दिया जाता, पूरे विपक्ष को चुप करा दिया जाता है। सत्ता पक्ष के नेता किरेन रिजिजू तो बोल सकते हैं लेकिन दूसरे को बोलने का मौका ही नहीं दिया जाता। यह सरकार लोकतंत्र में विश्वास ही नहीं रखती। उन्होंने कहा कि जब सदन में हम नियमों के तहत अपनी बात ही नहीं रख सकते तो अविश्वास प्रस्ताव लाने के अलावा हमारे पास दूसरा कोई विकल्प नहीं था। इसलिए यह अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। गौरतलब है कि 10 दिसंबर को राज्यसभा में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला लिया था। इसके बाद ही इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने राज्यसभा के सेक्रेटरी जनरल को प्रस्ताव सौंपा है।



## पीएम नरेंद्र मोदी जल्द जा सकते हैं कुवैत, अल-याह्या ने पिछले हफ्ते की थी मुलाकात



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी जल्द ही कुवैत की यात्रा पर जा सकते हैं। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पश्चिम एशियाई देश की पहली यात्रा होगी। इस समय खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) की अध्यक्षता भी कुवैत कर रहा है। पिछले हफ्ते कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या ने अपनी भारत यात्रा के दौरान पीएम मोदी से मुलाकात की थी। उन्होंने कुवैत नेतृत्व की ओर से पीएम मोदी को निमंत्रण दिया था। पीएम मोदी ने निमंत्रण को स्वीकार कर लिया था।

कुवैत एकमात्र जीसीसी सदस्य देश है जहां पीएम मोदी ने 2014 में पदभार संभालने के बाद से अब तक दौरा नहीं किया है। कोविड महामारी के कारण 2022 में प्रस्तावित यात्रा पर नहीं जा सके थे। जीसीसी में कुवैत के अलावा संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, सऊदी अरब, ओमान और कतर देश शामिल हैं। पीएम मोदी ने सितंबर में, न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबा खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से मुलाकात की थी। यह दोनों नेताओं के बीच पहली बैठक थी।

पिछले सप्ताह भारत की यात्रा पर आए कुवैत के विदेश मंत्री के साथ चर्चा के दौरान पीएम मोदी ने विश्वास व्यक्त किया था कि कुवैत की जीसीसी की वर्तमान अध्यक्षता के अंतर्गत भारत और खाड़ी सहयोग परिषद के बीच घनिष्ठ सहयोग और मजबूत होगा। पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान करते हुए पीएम मोदी ने क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता की जल्द वापसी के लिए समर्थन जताया था। उन्होंने कुवैत में रहने वाले दस लाख भारतीयों की देखभाल के लिए कुवैत के नेतृत्व को धन्यवाद दिया।

## ममता बनर्जी का केंद्र में पद पाना नहीं, बल्कि बीजेपी को हराना है लक्ष्य

**इंडिया ब्लॉक के नेतृत्व को लेकर कुणाल घोष ने दी प्रतिक्रिया**



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व करने में रुचि दिखाई है। इस पर जारी बयानबाजी के बीच तृणमूल कांग्रेस नेता कुणाल घोष ने कहा है कि केंद्र में कोई पद पाने में ममता बनर्जी की कोई रुचि नहीं है, वह बस बीजेपी को हराने का लक्ष्य लेकर चल रही हैं।

कुणाल घोष ने कहा कि बंगाल में टीएमसी ने बीजेपी को रोक दिया, झारखंड में हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बीजेपी को रोक दिया, लेकिन हरियाणा और महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी ऐसा करने में सफल नहीं हो सकी है। वहां पर मुख्य रूप से बीजेपी को रोकने की जिम्मेदारी कांग्रेस पर थी लेकिन वह असफल रही। इसलिए वरिष्ठ नेता कह रहे हैं कि बीजेपी को रोकने के लिए ममता बनर्जी जैसे अनुभवी और प्रभावी नेतृत्व को आगे आना चाहिए।

टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर ने कहा है कि बंगाल के मुर्शिदाबाद में हम बाबरी मस्जिद बनाएंगे। इस पर घोष ने कहा कि यह उसका निजी विषय है। अगर कोई चाहता है तो वह अपनी जमीन पर मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा कुछ भी बनवा सकता है। इस पर वह कोई राजनीतिक टिप्पणी नहीं करेंगे। कोई व्यक्ति घर के अंदर पूजा करता है या नमाज पढ़ता है यह उसके धर्म की बात है।

वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर कुणाल घोष ने कहा कि सीएम ममता बनर्जी साफ-साफ कह चुकी हैं कि हमारा देश विविधता में एकता पर यकीन करता है। हर राज्य का अपना इतिहास है, एक राजनीतिक छाप है। सारा चुनाव एक साथ कैसे होगा। सब चीज गलत हो जाएगी। कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुए रेप और मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई मार्च में है। इस मुद्दे पर घोष ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की नजर में सब ठीक है। जांच सही से हुई, सही से आरोपपत्र दाखिल किया गया, ट्रायल भी सही चल रहा है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने कोई नजदीक की तारीख देनी जरूरी नहीं समझी।

## ईएमआई से ज्यादा पत्नी के गुजारा भत्ते को दें प्राथमिकता: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पत्नी को दिए जाने वाले गुजारा भत्ता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि लोन की ईएमआई कितनी है, कब देनी है इन सबसे ज्यादा प्राथमिकता पत्नी को गुजारा भत्ता देने की होना चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भूयान की बेंच ने यह फैसला एक पति की याचिका को खारिज करते हुए दिया। पति, जो एक डायमंड फैक्ट्री का मालिक है, ने अदालत से अनुरोध किया था कि वह अपनी अलग हो चुकी पत्नी को बकाया गुजारा भत्ता देने में असमर्थ है, क्योंकि उसकी फैक्ट्री घाटे में चल रही है और उस पर भारी कर्ज है।

अदालत ने स्पष्ट किया कि तलाकशुदा पत्नी और बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी पति की संपत्ति पर प्राथमिक अधिकार रखती है। अदालत ने कहा, जीने का अधिकार, सम्मान के साथ जीने का अधिकार, और एक बेहतर जीवन का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित हैं। इन अधिकारों के तहत गुजारा भत्ता मौलिक अधिकार के समान है और किसी भी देनदार के कर्ज की वसूली के अधिकार से अधिक महत्वपूर्ण है। फैसले में कहा गया कि महिला के पूर्व पति को जल्द से जल्द बकाया गुजारा भत्ता चुकाना होगा। यदि पति इसमें विफल रहता है, तो परिवार अदालत उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर सकती है, जिसमें पति की अचल संपत्ति की नीलामी करके पत्नी को भुगतान सुनिश्चित करना शामिल है।



## कांग्रेस अराजकता फैलाने वालों के साथ पसंद करती है बैठना

**संभल हिंसा पीड़ितों से मिलने पर बीजेपी सांसद ने राहुल-प्रियंका को घेरा**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूपी के संभल हिंसा पीड़ितों ने दिल्ली में राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी से मुलाकात की। यह मुलाकात बीजेपी को पंसद नहीं आई और सासंद अनुराग ठाकुर ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति और कांग्रेस का यह चेहरा एक बार फिर बेनकाब हुआ है। उन्हें हमास और फिलिस्तीन तो दिखता है, लेकिन बांग्लादेश के अल्पसंख्यक नहीं दिखते। वे अराजकता फैलाने वालों के साथ बैठना पसंद करते हैं, लेकिन शांति को बढ़ावा देने के लिए कभी आगे नहीं आते। मैं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से कहूंगा कि कुछ लोगों के संसद में चरण पड़ने से संसद की कार्यवाही बाधित हो गई है।

अनुराग ने दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि हर बूथ को मजबूत करें, ताकि दिल्ली की जनता की मांग को पूरा किया जा सके, जिससे भ्रष्ट और निकम्मी आम आदमी पार्टी सरकार से मुक्ति दिल्ली की जनता को मिल सके। जब बूथ जीतेंगे तो हम चुनाव जीतेंगे। मैं बस इतना ही कहूंगा कि जब आम आदमी पार्टी और कांग्रेस अगला चुनाव हारेंगे तो वे एक बार फिर ईवीएम को दोष देने का बहाना ढूंढ लेंगे। वे हरियाणा और महाराष्ट्र में चुनाव हार गए और जहां भी हारे, उन्होंने ईवीएम को दोषी माना। सच्चाई यह है कि जनता उनकी नीतियों और भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है।

अनुराग ठाकुर ने दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता अनिल गुप्ता के न्यू शाहदरा स्थित आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए स्टीकर और झंडा लगाया। उन्होंने मेरा बूथ सबसे मजबूत का नारा बुलंद किया और आगामी चुनावों में बीजेपी की जीत का संकल्प लिया।

## बांग्लादेश जेल से भागे अपराधियों ने बनाया नया आतंकी संगठन

**-भारत-बांग्लादेश सीमा पर दे सकते हैं बड़ी वारदात को अंजाम**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-बांग्लादेश बार्डर पर आतंक की साजिश का खुलासा हुआ है जिसमें कुख्यात आतंकी संगठन हरकत उल जेहाद भी शामिल है। बांग्लादेश की जेल से भागे अपराधियों और आतंकवादियों ने एक गिरोह बना लिया हैं और ये भारत-बांग्लादेश सीमा पर आतंकी वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहे हैं। खुलासे से पता चला है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के तीन सलाहकार भी इस संगठन के समर्थक हैं।

सूत्रों के मुताबिक भारत-बांग्लादेश सीमा पर बड़ा आतंकवादी हमला हो सकता है और भारतीय सुरक्षा बलों पर घात लगाकर गोलीबारी की जा सकती है। इसके लिए बांग्लादेश में जेल से भागे हुए अपराधियों और आतंकवादियों का एक 50 सदस्यीय संगठन तैयार कर लिया है। खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट के मुताबिक इस संगठन को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के बेहद प्रभावशाली लोगों का समर्थन भी मिला है।

आईएसआई नहीं चाहती कि भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव कम हो। यही कारण है कि इस नए आतंकवादी संगठन को हथियारों के साथ-साथ पैसा भी दिया जा रहा है। पैसे के लालच में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के तीन सलाहकार भी इस संगठन से जुड़ गए हैं यानी आने वाले दिनों में यह संगठन भारत-बांग्लादेश सीमा पर किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकता है जिससे तनाव और बढ़ सकता है।

एक रिपोर्ट में साफ तौर पर लिखा है कि इस ग्रुप में पाकिस्तान में आतंक देने वाली ट्रेनर भी शामिल है। सीमा पर या भारत के अंदर कोई भी बड़ी आतंकी वारदात कर भारत-बांग्लादेश के सबंधों को खराब करने की कोशिश है कि माहौल सुधर ही न सके। इस पूरी रणनीति के पीछे पाकिस्तान की एक तीर से दो निशाने करने की रणनीति भी शामिल है।

## मुंबई की शान कही जाने वाली काली-पीली टैक्सियों घटी, अब केवल बची हैं 13,000 टैक्सियां

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई, (ईएमएस)। एक जमाने में मुंबई की शान कही जाने वाली और प्रायः हर फिल्मों में नजर आने वाली काली-पीली टैक्सियां अब लुप्त होती जा रही है. आलम यह है कि फिलहाल मुंबई शहर में महज 13,000 टैक्सियां बची हैं और संभावना जताई जा रही है कि अगर यही हाल रहा तो आने वाले समय में मुंबई की सड़कों पर आपको काली-पीली टैक्सियां नजर नहीं आएगी. दरअसल मुंबई की सबसे बड़ी एसोसिएशन, मुंबई टैक्सीमेन एसोसिएशन के अनुसार, मुंबई में चलने वाली काली-पीली टैक्सियों की संख्या पिछले साल 20,000 से घटकर अब 13,000 हो गई है। इसका मुख्य कारण चालकों द्वारा लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया जाना है।

एसोसिएशन के अनुसार, कुछ ड्राइवर पर्यटक लाइसेंस लेने और ओला/उबर जैसी ऐप-आधारित सेवाओं से जुड़ने या निजी यात्री परिवहन व्यवसाय की ओर रुख करने का विकल्प चुन रहे हैं। साथ ही टैक्सी ड्राइवरों की कमी बढ़ती जा रही है क्योंकि कई ड्राइवर परिवारों की युवा पीढ़ी इस पेशे में आने के लिए तैयार नहीं है। मुंबई टैक्सीमेन एसोसिएशन के अनुसार, अपने पुराने और जर्जर वाहनों को बेचने के लिए संघर्ष कर रहे ड्राइवरों को नई और महंगी टैक्सियों के लिए ऋण प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उदाहरण के लिए, ओमनी टैक्सियाँ जो बड़ी संख्या में चलती थीं अब लगभग विलुप्त हो चुकी हैं। कुछ ड्राइवरों ने इको-टैक्सी अपना ली है, जबकि अन्य ने यह व्यवसाय छोड़ दिया है क्योंकि उन्हें लगता है कि यह व्यवसाय लाभदायक नहीं है। वहीं स्वाभिमान ऑटो टैक्सी यूनियन के मुताबिक, अगले साल के अंत तक काली-पीली टैक्सियों की संख्या और कम होने की संभावना है, क्योंकि इन्हें सड़कों से चरणबद्ध तरीके से हटाया जा रहा है। पहले व्यावसायिक क्षेत्रों के स्टैंडों पर 20-30 टैक्सियाँ खड़ी होती थीं, अब वहाँ केवल 5-10 टैक्सियाँ खड़ी होती हैं। मालूम हो कि मुंबईकरों का आज भी काली-पीली टैक्सियों से भावनात्मक जुड़ाव है। क्योंकि काली-पीली टैक्सी के ड्राइवर को शहर की सड़कें और शॉर्टकट अच्छे से पता हैं। लेकिन सड़क चौड़ीकरण और बुनियादी ढांचे के काम के कारण, टैक्सियों के लिए स्टैंड की संख्या कम हो गई है और लगभग 5 से 10 हजार स्टैंड की आवश्यकता है। इसके अलावा, दैनिक आधार पर लगने वाले जुर्माने से ड्राइवरों को परेशानी होती है। एक बार 500 रुपये और दूसरी बार 1,500 रुपये का जुर्माना, जो उनकी दैनिक आय से अधिक है। मालूम हो कि दो दशक पहले काली-पीली प्रीमियर पद्मिनी टैक्सियों की संख्या 63,000 थी। अब ये सभी टैक्सियां ??हटा दी गई हैं। इसी तरह, ओमनी टैक्सियों की संख्या में भी कमी आई है और मुंबई की सड़कों पर टैक्सियों की कुल संख्या में बड़ी कमी आई है।



## संक्षिप्त समाचार

### बीएचयू रजिस्ट्रार और परीक्षा नियंत्रक पद पर नियुक्ति, आवेदन शुरू

**वाराणसी।** बीएचयू ने रजिस्ट्रार और परीक्षा नियंत्रक के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक उम्मीदवार बीएचयू के समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 3 जनवरी 2025 तक जारी रहेगी। आवेदन पत्र डाउनलोड कर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ 8 जनवरी तक बीएचयू के होलकर हाउस में जमा करना होगा। भर्ती से संबंधित योग्यता और अन्य विवरण रिक्रूटमेंट एंड एसेसमेंट सेल की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इन पदों के लिए निर्धारित वेतनमान 14वें पे लेवल के अनुसार है, जो 1.5 लाख रुपये तक है। आवेदन के लिए उम्मीदवारों के पास शैक्षणिक क्षेत्र में 15 वर्षों का अनुभव अनिवार्य है। ऐच्छिक योग्यता में पीएचडी, एलएलबी, प्रबंधन या ई-गवर्नेंस में कार्य अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही, पिछले पांच वर्षों के कार्य अनुभव में बहुत अच्छी ग्रेडिंग होना आवश्यक है। यह पद प्रशासनिक जिम्मेदारियों और विश्वविद्यालय के सुचारू संचालन के लिए महत्वपूर्ण है। योग्य उम्मीदवार समयसीमा के भीतर आवेदन करें और सभी जरूरी दस्तावेज निर्धारित पते पर भेजना सुनिश्चित करें।

### हरिद्वार से लाया गया ज्योति कलश स्थापित, वाराणसी में होगा 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**वाराणसी।** गायत्री परिवार के संयोजन में वाराणसी में 108 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन 24 मार्च से 27 मार्च 2025 तक किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। हरिद्वार के शांतिकुंज गायत्री तीर्थ से लाया गया ज्योति कलश वाराणसी के नगवां स्थित गायत्री शक्तिपीठ के जोनल कार्यालय में स्थापित किया गया है। जिला समन्वयक गंगाधर उपाध्याय के नेतृत्व में गायत्री महामंत्र के सस्वर उच्चारण के साथ बुधवार को कलश की स्थापना संपन्न हुई। गंगाधर उपाध्याय ने बताया कि महायज्ञ का उद्देश्य शक्ति संवर्धन और आध्यात्मिक ऊर्जा का विस्तार करना है। कार्यक्रम स्थल का निर्धारण 15 दिसंबर को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय बैठक में किया जाएगा। हरिद्वार से ज्योति कलश को वाराणसी लाने वालों में विजय सिंह, गंगाधर उपाध्याय, विद्याधर मिश्रा, रामाश्रय सिंह, घनश्याम राम, अवधेश सिंह, कल्लन पटेल और नगीना कुमार यादव प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### यथार्थ गीता पढ़ने से सभी समस्याओं का समाधान होता है- सुबेदार यादव

**रोहनिया।** गीता जयंती पर स्वामी अड़गड़ानंद महराज के शिष्य सुबेदार यादव ने बनारस का चर्चित मजार बहादुर शईयररजा मजार फुलवरिया पर यथार्थ गीता वितरण करके हिन्दू मुस्लिम के भाई चारे के एकता पर संदेश दिए। और यथार्थ गीता के बारे में भी लोगो को समझाएँ कि यथार्थ गीता पढ़ने से जिवन की सभी समस्याओं का समाधान होता हैं यथार्थ गीता जो पढ़ता हैं उसको परम शांति मिलता हैं। यथार्थ गीता लगभग 100 की संख्या में मुस्लिम लोगों को वितरण किया गया और बाकी हिन्दू के लोगों में वितरण हुआ।सुबेदार यादव से बातचीत करने के दौरान पता चला कि सुबेदार यादव यथार्थ गीता पढ़कर स्वामी अड़गड़ानंद महराज जी से 2012 से जुड़े थे जिसके दौरान नहवानीपुर आश्रम रहकर संतों का सेवा करना तथा निरंतर समाज सेवा करते रहना अद्भुत बिचार से समाज हित में बढे.बढे.कार्य करना जिससे समाज का भला हो सराहनीय कदम रहा हैं सुबेदार यादव का कहना हैं कि जो भी ब्यक्ति यथार्थ गीता पढेगा उसको कभी भूतों प्रेतों से परेशानी नहीं होगा और परम शांति मिलता हैं मैने खुद पढ़कर देखा हैं गीता भगवान श्री कृष्ण के मुखारविंद की वाणी हैं जो भारत का राष्टीय धर्मशास्त्र भी हैं।

### एसडीएम अभिनेंद्र सिंह के नेतृत्व में नगर में चला सख्ती से अतिक्रमण अभियान

**बलिया।** उत्तर प्रदेश शासन के मनसा के अनुरूप जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार के आदेश के क्रम में चौथे दिन भी नगर क्षेत्र में अतिक्रमण अभियान जारी रहा। एसडीएम अभिनेंद्र सिंह के देखरेख में बिना किसी भेद-भाव के नगर क्षेत्र के माल गोदाम रोड व एलआईसी रोड में अतिक्रमण अभियान जोर-शोर से चला, दुकानदारों द्वारा रोड व नाली पर अवैध अतिक्रमण को नगर पालिका व पुलिस की संयुक्त टीम के साथ सख्ती से जेसीबी द्वारा हटाया गया, इस दौरान रोड पर अतिक्रमण किए हुए दुकानदारों से अर्थ दंड के तौर पर कर वसूली की गई साथ ही हिदायत भी दिया गया। इस दौरान एसडीम अभिनेंद्र सिंह ने नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि नियमानुसार रोड व नली पर किसी प्रकार का अतिक्रमण अवैध है, श्री सिंह ने कहा कि नाली वह रोड पर किसी प्रकार का अतिक्रमण निषेध है, अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी व अर्थ दंड के तौर पर कर भी वसूला जाएगा, श्री सिंह ने नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि समय से पूर्व रोड व नाली पर स्वयं अतिक्रमण हटा ले जिससे कि उनको किसी प्रकार का नुकसान ना हो, नियमों का पालन न करने पर होगी कड़ी कार्रवाई जिसकी जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ उसी व्यक्ति की होगी, श्री सिंह ने कहा अतिक्रमण मुक्त रोड व नली होने से व्यापारीगण व नगर वासियों को ट्रैफिक व अन्य समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# बंद मकान को खंगालने वाले 3 चोर गिरफ्तार

## 11.40 लाख नगदी सहित आभूषण बरामद, ढाई घंटे में साफ कर दिया था पूरा मकान

उजाला संचार

**वाराणसी।** बहन के तिलक और इंगेजमेंट के कार्यक्रम में गए अश्वनी कुमार राय के मकान को खंगालने वाले तीन चोरों को लंका पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है. चोरों ने 16 नवंबर की रात मीनाक्षीपुरम (नारायणपुर) डाफी में मकान ने नगदी और आभूषण पार किए थे. शातिर चोरों ने करीब ढाई घंटे में चोरी की घटना को अंजाम दिया था. घटना का खुलासा एसीपी भेलूपुर धनंजय मिश्र ने गुरुवार को लंका थाने में आयोजित प्रेसवार्ता में दी. पुलिस ने चोरों के पास से 11 लाख 40 हजार रुपए और आभूषण बरामद किया है. इस घटना का खुलासा करने वाली टीम को डीसीपी काशी जोन ने ? 25 हजार के इनाम की घोषणा की है।




एसीपी भेलूपुर धनंजय मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की शिनाख्त शाहिद अंसारी कन्हई सराय (लोहता), अजय गुप्ता निवासी सालारपुर (सारनाथ) और शत्रुघ्न कुमार निवासी जलालीपट्टी (मडुवाडीह) के रूप में हुई है. तीनों को पुलिस ने जजेज हाउस के पास से गिरफ्तार किया है. पुलिस पुछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि मकान से चोरी के दौरान मिले जेवरात बेचकर हमने ग्यारह लाख रुपये इक्ठ्ठा किए थे इसके अलावा चौरा माता मन्दिर के पीछे नैपुराकलाँ डाफी से डेढ महिने पहले चोरी के बचे हुए समानों को बेचकर चालीस हजार रुपये प्राप्त किए थे।

नैपुराकलाँ डाफी की चोरी का कुछ समान हम पहले बेचकर आपस मे पैसा बांट चुके है तथा बरामद हार्डडिस्क के बारे में पूछने पर बताया की लगभग दो माह पहले हम लोगो ने भट्ठी लोहता मे एक प्राथमिक विद्यालय से चुराई थी।

**पहले कई बार जा चुके है जेल**

एसीपी भेलूपुर धनंजय मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों का पुराना क्राइम रिकॉर्ड है. बताया कि शाहिद अंसारी के ऊपर बनारस के विभिन्न थानों में करीब 11 मुकदमें दर्ज है. वहीं अजय गुप्ता पर कुल 9 मुकदमें है, वह रामनगर थाने का गैंगस्टर भी है. शत्रुध्न कुमार पर भी 9 मुकदमा दर्ज है. गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष लंका शिवाकान्त मिश्र, इंस्पेक्टर संतोष नारायण पाण्डेय, दरोगा विवेक कुमार शुक्ला, चौकी प्रभारी बीएचयू शिवाकर मिश्रा, दरोगा नवीन कुमार चतुवेर्दी, हेड कांस्टेबल महेन्द्र सिंह, कांस्टेबल कृष्ण कान्त पाण्डेय, अमित शुक्ला, मनोज कुमार सिंह, सूरज सिंह, आशीष तिवारी, कमल सिंह यादव, ह्दय कुमार शामिल रहे।

## खाद्य विभाग ने बल्टा के दूध की जांच के लिए चलाया अभियान, दुधिया ने सड़क पर गिराया दूध

**वाराणसी।** राजघाट इलाके में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा दूध की गुणवत्ता की जांच के दौरान विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। जांच अभियान के तहत बलटाहरों (दूध बेचने वालों) को रोककर उनके दूध के सैंपल लिए जा रहे थे। अधिकांश दुधरों ने शांतिपूर्वक अपने दूध के सैंपल दिए, लेकिन एक दुधिया, अनिल यादव, ने सैंपल देने से मना कर दिया।

खाद्य अधिकारियों के अनुसार, जब अनिल यादव ने सैंपल देने से इनकार किया, तो अधिकारियों ने जबरदस्ती उसके दूध के बलटे से सैंपल लेने की कोशिश की। इससे नाराज होकर अनिल ने अपना बलटा उठाया और उसमें भरे दूध को सड़क पर गिरा दिया। इस घटना से दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि दूध का सैंपल लेने का उद्देश्य उसकी गुणवत्ता की जांच करना था। उन्होंने कहा, ₹जब हमने बलटे का सैंपल लेने का प्रयास किया, तो दुधिया ने सैंपल देने से इनकार कर दिया और अपने हाथों से ही बलटे का दूध सड़क पर गिरा दिया।₹

अधिकारियों ने यह भी कहा कि प्रथम दृष्टि में उन्हें संदेह है कि यह दूध नकली या मिलावटी हो सकता है, जिस कारण अनिल यादव ने जांच से बचने के लिए ऐसा कदम उठाया। दूध गिराने की इस घटना से अधिकारी नाराज हो गए। उन्होंने इसे जांच में बाधा डालने और सहयोग न करने की कोशिश बताया। अधिकारियों ने कहा, ₹यह घटना दूध की गुणवत्ता पर सवाल उठाती है।

## बनारस रेल इंजन कारखाना में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह 2024 के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन

उजाला संचार

**वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह 2024 के तहत जनजागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज दिनांक 12 दिसंबर 2024 को बरेका इंटर कॉलेज चौराहा पर नुक्कड़ नाटक ह्लदेर ना हो जाएह्व का भव्य आयोजन किया गया। यह नाटक ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर आधारित था और इसे प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर कलाकारों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि ऊर्जा संरक्षण न केवल हमारे पर्यावरण के लिए आवश्यक है, बल्कि यह आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए भी अनिवार्य है। कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुति ने न केवल दर्शकों का ध्यान खींचा, बल्कि उन्हें अपने दैनिक जीवन में ऊर्जा बचाने की प्रेरणा भी दी।

इस अवसर पर बरेका के अधिकारी, कर्मचारी, और स्थानीय




नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। ऊर्जा संरक्षण सप्ताह 2024 के अन्य कार्यक्रमों के तहत विभिन्न जागरूकता अभियानों, कार्यशालाओं और प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है।

ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का उद्देश्य सभी को यह समझाना है कि छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से हम ऊर्जा बचाकर एक स्थायी और समृद्ध भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। ऊर्जा संरक्षण–हमारी जिम्मेदारी, हमारा कर्तव्य। ऊर्जा संरक्षण पर आधारित नुक्कड़ नाटक ₹देर ना हो जाए₹ परिकल्पना एवं निर्देशन श्री अमलेश श्रीवास्तव प्रस्तुति प्रबंधक श्री आलोक कुमार सिंह प्रस्तुति सहयोग श्री सुनील कुमार सहभागी कलाकार - 1. श्री विमल बहादुर सिंह 2. श्री अमित कुमार श्रीवास्तव 3. श्री आशीर्वाद कुमार सिंह 4. श्री कौशल पटेल 5. श्री सागर वर्मा 6. सुश्री आशना चौबे 7. सुश्री महिमा कुमारी 8. सुश्री आयुषी पाण्डेय 9. सुश्री नाज शेख 10. सुश्री रिमझिम सिंह।

## हरियाणा के शिक्षा अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का भ्रमण किया गया

उजाला संचार

**वाराणसी।** विकास क्षेत्र काशी विद्यापीठ के उत्कृष्ट परिषदीय विद्यालयों में आदर्श शिक्षण की विधा और निपुण लक्ष्य प्राप्ति के संदर्भ में शिक्षकों द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन करने के लिए हरियाणा के अंबाला से शिक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा मंडुवाडीह एवं मड़ौली स्थित परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था का अनुश्रवण किया गया। अकादमिक रिसोर्स पर्सन अमिताभ मिश्र द्वारा बताया गया कि चार सदस्यीय टीम द्वारा विद्यालय में पाठ्यक्रम के अनुसार बच्चों के प्रगति की स्थिति एवं एल एल एफ द्वारा कक्षा 1 से 3 तक की शिक्षण संदर्शिकाओं के अनुसार संचालित क्रमबद्ध शिक्षण व्यवस्था को बहुत ही सूक्ष्म तरीके से अवलोकित किया गया तथा शिक्षकों द्वारा बच्चों के साथ किए



जा रहे नवाचारों को जमकर सराहा गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती सरिता राय (राज्य पुरस्कार प्राप्त) द्वारा प्रत्येक कक्षा के बच्चों से उनके द्वारा बनाए गए अलग-अलग शिक्षण सामग्रियों के प्रयोग का भी प्रदर्शन करवाया गया। उन्होंने आगंतुक शिक्षा अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया । विजिट टीम में अंबाला के एल एल एफ कार्यक्रम प्रबंधक रविंद्र कुमार एबीआरसी श्रीमती सुनैना, श्रीमती रमनदीप कौर और बीआरपी नेहा रानी एवं विद्यालय की अध्यापिका नीलम राय रश्मि सिंह नीलिमा सिन्हा प्राथमिक विद्यालय मडौली की प्रधानाध्यापिका शिवानी मालवीय प्रीति गुप्ता इत्यादि शिक्षक गण मौजूद रहे।

# नगर निगम और विकास प्राधिकरण द्वारा मिलकर बनायेंगे आधुनिक सुविधाओं युक्त शेल्टर होम

## नगर आयुक्त और उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण ने किया संयुक्त रूप से निरीक्षण

उजाला संचार

**वाराणसी।** आज दिनांक 12.12.2024 को श्री पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण एवं श्री अक्षत वर्मा, नगर आयुक्त द्वारा संयुक्त रूप से वाराणसी शहर में आधुनिक बस शेल्टर बनाये जाने के लिए स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जो बिन्दुवार स्थिति निम्नवत हैः-

1. नगर निगम द्वारा चिन्हाकित भूमि उपलब्ध कराये जाने पर आधुनिक बस शेल्टर बनाए जाने में आने वाले व्यय की फंडिंग वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा की जाएगी। इससे जो भी विज्ञापन आदि से रेवेन्यू प्राप्त होंगे, उन्हें दोनों विभाग को शेयर किया जाएगा।



2. वाराणसी शहर में आधुनिक तर्ज पर बस स्टॉपेज बनाए जाने पर निम्न सुविधा उपलब्ध होंगे-

(।) मोबाईल चार्जिंग, टू व्हीलर चार्जिंग एवं सीसीटीवी कैमरा की भी सुविधा उपलब्ध होगी।

(।।) आधुनिक बस शेल्टर में यात्रियों की सुविधा हेतु डिस्प्ले पर बसो की जानकारी भी प्रदर्शित होगी।

3. जे0पी0 मेहता, चैकाघाट, कैण्ट बस स्टेशन के सामने, विद्यापीठ, भेलुपुर, कीनाराम आश्रम के पास, रविन्द्रपुरी, रविदास गेट के पास एवं लंका बस शेल्टर का स्थलीय निरीक्षण किया गया, जहॉ पर आधुनिक बस शेल्टर बनाया जा सकता है, इसके अतिरिक्त जिन मार्गों पर सिटी बसें संचालित हो रही है उन मार्गो के स्टापेजों पर भी आधुनिक बस शेल्टर बनाये जायेगें, जिससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

उपरोक्त स्थानों पर आधुनिक सुविधायुक्त बस शेल्टर के बन जाने से यात्रियों को सुविधा मिलने से यात्रियों की संख्या में बढोत्तरी होगी। निरीक्षण के दौरान श्री अनिल यादव, सहायक नगर आयुक्त, श्री परशुराम पाण्डेय, प्रबन्ध निदेशक, वीसीटीएसएल, मौके पर उपस्थित थे।




## मंत्री रविंद्र जायसवाल ने 2 करोड़ 37 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने गुरुवार को 2 करोड़ 37 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इन निर्माण कार्यों का उद्देश्य शहर की आधारभूत संरचना को बेहतर बनाना और नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान करना है।शहर उत्तरी विधान सभा क्षेत्र के वार्ड शिवपुर में आवासीय योजना के तहत बने एमआईजी (42 फ्लैट) के पीछे की सर्विस लेन पर स्टेडियम रोड की दोनों पटरियों और पार्क रोड के किनारे पर टाइल्स के पुनर्स्थापन का कार्य किया जाएगा, जिसकी कुल लागत लगभग 44 लाख रुपये है।

इसके अलावा, वार्ड तरना में




गौतम गार्डेन कॉलोनी बाईपास स्थित प्लाट डी-74 के पास सड़क निर्माण का कार्य किया जाएगा, जिसकी लागत लगभग 5.5 लाख रुपये है।सबसे महत्वपूर्ण परियोजना वार्ड डिठोरी महाल के अंतर्गत पुलिस लाइन परिसर में 1 करोड़ 92 लाख रुपये की लागत से सड़कों के लिंक मार्गों के सुदृढ़ीकरण और आरसीसी नालियों के निर्माण का कार्य है।

## संजय सिटी मॉडल स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**वाराणसी।** दिनांक 12 दिसंबर 2024 को संजय सिटी मॉडल स्कूल, सिगरा, वाराणसी में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
प्रतियोगिता में नर्सरी से तीसरी कक्षा तक के बच्चों ने दौड़ और फन गेम्स में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक अजय कुमार सिंह ने किया। उन्होंने उपस्थित माता-पिता और बच्चों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि ये बच्चों में अनुशासन, टीम वर्क और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। प्रतियोगिता के अंत में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सिगरा शाखा की प्रधानाचार्या शालिनी और गौरा शाखा की प्रधानाचार्या नम्रता सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रिंकू, सरला, सौम्या, पूजा, निशिता, शिवांगी, रमा, रूमा, तुलसी, खुशबू और विवेक का विशेष योगदान रहा। अंत में, विद्यालय के प्रबंधक संजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## नागरिक सुरक्षा वाराणसी ने निकाली जन जागरूकता रैली, प्लास्टिक उन्मूलन का दिया संदेश

**वाराणसी।** नागरिक सुरक्षा वाराणसी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सप्ताह व्यापी कार्यक्रम के तहत गुरुवार को चौक प्रखंड के स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक उन्मूलन के खिलाफ जन जागरूकता रैली निकाली। इस रैली का उद्देश्य लोगों को प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था।

रैली का नेतृत्व नागरिक सुरक्षा के चीफ वार्डन श्री केशव जालान, चौक प्रखंड के डिवीजनल वार्डन निधि देव अग्रवाल और पोस्ट वार्डन विमल कुमार त्रिपाठी ने किया। स्वयंसेवकों ने हाथों में जागरूकता संदेशों वाले पोस्टर लेकर जनमानस को प्लास्टिक के नुकसान और उसके विकल्प के रूप में कपड़े के



झोले के उपयोग के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान प्लास्टिक का उपयोग करने वालों को कपड़े के झोले वितरित किए गए। इस रैली का आयोजन डिप्टी कंट्रोलर नीरज मिश्रा, एडीसी विवेक राय, इरफान उल हुदा और अमूल श्रीवास्तव द्वारा किया गया। आयोजन का प्रमुख उद्देश्य लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था।

उजाला संचार - मुद्रक, प्रकाश, प्रधान संपादक **महेंद्र कुमार सोनकर** द्वारा मीडिया टेक्स्ट, प्रा.लि. गोबिंदपुर, जीटी रोड, रोहनिया (वाराणसी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। भिखारीपुर, बीएलडब्ल्यू, शहर वाराणसी, (उ.प्र.)। संपर्क : 0542-4059021, 9696104265, 9696104269
समाचार पत्र में प्रकाशित खबरों के लिए समस्त वाद वाराणसी न्यायाल के अधीन होंगे।